तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



ज्वाली पुल से जूना बिलासपुर तक की जर्जर सड़क पर बारिश का पानी भरने से यहां से गुजरने वाले परेशान हैं।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

तहसील आफिस में छिड़ा गृहयुद्ध

मेडिकल कालेज में भर्ती के लिए फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी होने का मामला, सबका बयान दर्ज, अब लीपापोती शुरू

# तहसीलदार व रीडर आमने-सामने अंडरग्राउंड हुए भाड़े के ऑपरेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसीलदार ने अपनी आईडी से मेडिकल कालेज में भर्ती के लिए फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी होने के लिए रीडर को जिम्मेदार बताया है। रीडर ने तहसीलदार द्वारा उन्हें किसी भी तरह का प्रभार नहीं देने व उल्टे तहसीलदार पर किराए पर रखे गए दो बाहरी आपरेटरों को प्रभार देकर रखने का आरोप लगाया है। एसडीएम ने मामले में बाबुओं द्वारा तहसीलदार की आईडी का हस्तांतरण करने का संदेह व्यक्त किया है, लेकिन कहा है कि जवाबदेही तहसीलदार की भी बनती है। कुल मिलाकर तहसील आफिस में फिलहाल गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। अधिकारी-कर्मचारी खुलकर आमने-सामने आ चुके हैं।

हरिभूमि लगातार



तहसील से जारी हुआ सर्टिफिकेट, लेकिन तहसीलदार के हस्ताक्षर फर्जी
छात्राओं के बयान से उठेगा मेडिकल में एडमिशन के लिए जारी फर्जी सर्टिफिकेट के रहस्य से पर्दा
तहसील में प्रकरण प्रस्तुत नहीं और ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट हो गया जारी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### अभिभावकों ने वकील को दिया 5 हजार में ठेका

जिन तीन छात्राओं को फर्जी सर्टिफिकेट जारी हुए हैं उनमें से बयान के लिए तहसील आफिस आई एक छात्रा के अभिभावकों ने बताया कि हमने मार्च के महीने में एक वकील के माध्यम से तहसील कार्यालय में सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया था। इसके लिए वकील द्वारा मांगे गए सारे दस्तावेज हमने उपलब्ध करा दिए थे। इस काम के लिए वकील से पांच हजार रूपए में बात हुई थी। आवेदन करने से लेकर सर्टिफिकेट घर पहुंचा के देने का सारा काम वकील का था। जुलाई में सर्टिफिकेट जारी भी हो गया। अभिभावकों ने कहा कि अगर दस्तावेजों में कोई कमी थी, तो उनका प्रकरण खारिज कर दिया जाता, या और दस्तावेजों की मांग कर ली जाती। अब तहसील में किसके समक्ष प्रकरण प्रस्तुत हुआ? किसके दस्तखत से सर्टिफिकेट जारी हुआ इससे छात्रा को क्या मतलब है?

### किराए के ऑपरेटरों से तहसीलदार करा रहीं काम, मैं कैसे दोषी?

तहसीलदार गरिमा सिंह ठाकुर के पूर्व रीडर प्रहलाद सिंह नेताम ने बताया कि वर्ष 2023 में वे सकरी से बिलासपुर तहसील में रीडर के रूप में पदस्थ हुए हैं। उनके आने से पहले से ही यहां दो निजी ऑपरेटर अखिल त्रिवेदी व संदीप लुनिया काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसीलदार ने सारा प्रभार उन निजी आपरेटरों को ही दे रखा है। उनका कहना है कि जिन तीन छात्राओं को फर्जी सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं, उनमें से किसी के भी प्रकरण न तो उनके पास आए हैं, और न ही प्रकरण या आवेदनों को उन्होंने तहसीलदार को पुटअप किया है। ऐसी स्थिति में उन्हें कैसे दोषी ठहराया जा सकता है।

### मैने प्रभार लेते ही पहले बाहरी ऑपरेटरों को हटाया

तहसीलदार गरिमा सिंह ठाकुर का कहना है कि जुलाई में बिलासपुर तहसील में प्रभार लेते ही उन्होंने सबसे पहले यहां कार्यरत बाहरी ऑपरेटरों को हटा दिया था। इतना ही नहीं, बल्कि कार्यविभाजन नए सिरे से होने के बाद रीडर प्रहलाद नेताम भी बदल दिए गए हैं। फिलहाल मनोज यादव जुलाई महीने से उनके पास रीडर के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन तीन छात्राओं को तहसील आफिस से फर्जी सर्टिफिकेट जारी हुए हैं वे सभी सरकंडा क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि सरकंडा एरिया उनका है ही नहीं, बल्कि नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव का है। चूंकि सर्टिफिकेट उनकी आईडी से जारी हुए हैं इसलिए उन्हें जांच अधिकारी बना दिया गया है।

### तीन बार दस्तावेजों का वेरीफिकेशन, फिर कैसे फर्जी हुआ सर्टिफिकेट

छात्रा भाव्या मिश्रा के पिता सूरज कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्हें 25 जुलाई को सर्टिफिकेट जारी हुआ था। इसके बाद नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव द्वारा 16 अगस्त को दस्तावेजों का वेरीफिकेशन किया गया। 21 अगस्त को सरकंडा पटवारी द्वारा प्रतिवेदन के लिए फिर दस्तावेजों की जांच की गई। 25 अगस्त को फिर से फोन कर तहसील बुलाया गया जहां पटवारी पराग महिलाने एवं नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव ने फिर दस्तावेजों का वेरीफिकेशन किया। 30 अगस्त को सारे सर्टिफिकेट के फर्जी होने की शिकायत आने पर इन्होंने नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव से संपर्क कर अपने सारे दस्तावेजों के लगातार वेरीफिकेशन कराने की बात कही, जिस पर प्रकृति ध्रुव ने कहा कि उनका काम सिर्फ दस्तावेजों का वेरीफिकेशन करने का था, लेकिन तहसीलदार गरिमा सिंह ठाकुर अगर सर्टिफिकेट में किए गए हस्ताक्षर को अपना नहीं मान रहीं हैं तो इसमें वे कुछ नहीं कर सकतीं।

### इतना बड़ा मामला, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं

तहसील कार्यालय से फर्जी सर्टिफिकेट जारी हो गया। तहसील में पदस्थ सारे अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि भी कर दी। इस मामले में सारे लोगों के बयान भी दर्ज हो गए। अब सारे एक-दूसरे को दोषी भी बता रहे हैं। सबको पता है कि गड़बड़ी करने वाले तहसील आफिस के ही हैं, लेकिन इसके बाद भी इस मामले में अब तक पुलिस में अपराध दर्ज नहीं किया गया है। एफआईआर दर्ज नहीं किया जाना भी तहसील आफिस की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

### बयान से क्यों हटाई गई वेरीफिकेशन वाली बात?

सोमवार को सभी छात्राओं व अभिभावकों के बयान तहसीलदार गरिमा सिंह ठाकुर के समक्ष दर्ज किए गए। इस दौरान छात्रा भाव्या मिश्रा के पिता सूरज कुमार मिश्रा द्वारा अपने बयान में तहसील आकर नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव के समक्ष तीन बार दस्तावेजों का वेरीफिकेशन कराने की बात कही गई। बयान दर्ज होने के बाद इन्हें लिखित बयान पढ़ाया भी गया, जिसमें तहसील आकर तीन बार वेरीफिकेशन कराने की बात का उल्लेख ही नहीं किया गया था। इस संबंध में पूछने पर उन्हें उस कथन का उल्लेख करने की जरूरत नहीं होने की बात कह दी गई।

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

मामले में सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है। मामले में दोषी व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- मनीष साहू
एसडीएम बिलासपुर

**खबर संक्षेप**

### मातृ एवं शिशु अस्पताल में लगी आग, हड़कंप



**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में शाम 4 बजे अचानक बिजली पैनलों से धुंआ उठने लगा, आग लगने की जानकारी मिलते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया। हालांकि स्टाफ की सजगता के चलते अग्निशमन यंत्र की मदद से पैनल पर लगी आग बुझाई गई। सोमवार की शाम 4 बजे जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल के बिजली पैनल में धुंआ उठता रहा, शार्ट सर्किट की वजह से यहां आग लग गई थी। अस्पताल में धुंआ भरते ही लोगों को इसकी भनक लग गई। आनन-फानन में इसकी जानकारी स्टाफ को दी गई, 4 बजे का समय होने के कारण ज्यादातर स्टाफ नदारद थे, ऐसे में एक टेक्नीशियन ने पास की दीवार में लगे फायर सेफ्टी के सिलिंडर द्वारा पैनल पर छिड़काव किया गया, इसके बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई, हालांकि करीब 2 घंटे तक तारों के जलने की दुर्गंध पूरे अस्पताल में फैल गई थी।

### पटना-चर्लपल्लि स्पेशल ट्रेन के बढ़ाए गए फेरे



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय त्यौहारों को ध्यान को रखते हुये एवं रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये, उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पटना एवं चर्लपल्लि के मध्य चल रही पटना-चर्लपल्लि-पटना के मध्य 27 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन के परिचालन विस्तार में किया गया है। यह स्पेशल ट्रेन 2 जनवरी 2026 तक पटना एवं चर्लपल्लि के मध्य चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्लि द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का 29 सितम्बर, 2025 तक परिचालन हो रहा है। यह गाड़ी पटना से 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक 27 फेरा प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को परिचालन होगा। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी गाड़ी संख्या 07255/07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन का 1 अक्टूबर तक परिचालन हो रहा है। यह गाड़ी चर्लपल्लि से चर्लपल्लि से प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को 3 अक्टूबर से 2 जनवरी, 2026 तक 27 फेरा परिचालन होगा। स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 6 जनरल, 12 स्लीपर, 02 एसी-थ्री, 2 एसी-टू सहित कुल 24 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

गजरा चौक के पास कर दिया गया गहरा गड्ढा, जहां कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# रेलवे स्टेशन : 400 करोड़ रुपए के विकास कार्य, सुरक्षा कुछ भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन के रि डेवलपमेंट के लिए 400 करोड़ रुपए खर्च कर विकास कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन स्टेशन के दूसरी ओर और स्टेशन मुख्य गेट नम्बर 3 के सामने सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई है, यहां कई जगहों पर गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं, परन्तु सुरक्षा घेरा नहीं लगाया गया है, जिसके कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

अमृत भारत योजना के तहत बिलासपुर डिवीजन में बिलासपुर सहित करीब 16 स्टेशनों में पुनर्विकास कार्य शुरू कर दिया गया है। इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्तरीय बनाया जा रहा है। बिलासपुर स्टेशन को डेवलप करने के लिए रेलवे बोर्ड ने 400 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है। ठेका बिलासपुर के जगमल चौक स्थित झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड को दिया गया है। यह कंपनी स्टेशन डेवलपमेंट के साथ रेल लाइन बिछाने, बिल्डिंग निर्माण, रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज सहित रेलवे के दूसरे काम भी कर रही है। कुछ माह पहले सीबीआई की कार्रवाई के बाद काम बंद कर दिया गया था। वर्तमान में एक बार फिर बिलासपुर स्टेशन के गेट नम्बर तीन से लेकर जनआहार तक और गजरा चौक की ओर जेसीबी से खोदाई और अन्य कार्य किया गया है, गहरे खोदे गए गड्ढों के बाद सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।



### कोई भी गिर सकता है गड्ढे में

जोनल स्टेशन में रि डेवलपमेंट के कार्य को झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड कर रही है। इसके मजदूर और जेसीबी सहित इंजीनियर भी स्टेशन के दोनों ओर किए जाने वाले कार्य कर रही है। जेसीबी के जरिए स्टेशन गेट नम्बर तीन के सामने और गजरा चौक में मस्जिद के बगल में बड़ा गड्ढा कर दिया गया है। गहरा गड्ढा करने के बाद चारों ओर से न तो जाली लगाई गई है और न ही कोई बोर्ड लगाया गया है। इसके कारण कभी भी कोई कर्मचारी के अलावा खेलते कूदते बच्चे भी उसमें गिर सकते हैं।



### चप्पल पहनकर कर रहे काम

इसी तरह का हाल सामान लाने, ले जाने वाले मजदूरों का भी कंपनी के इंजीनियरों ने कर दिया है। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में लगने वाले हैवी लोहे की पाइप लाने जाने वाले मजदूरों को सिर में पहनने के लिए हेलमेट तो दिया गया है, लेकिन उनके पैरों में जूते तक नहीं है। बड़े हैवी लोहे के पाइप ढोने के दौरान मजदूरों के साथ भी किसी तरह का हादसा हो सकता है, जिसके लिए कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति उसे नहीं देख पा रहा है।

### स्टेशन में करना है काम

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में 400 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम किया जा रहा है, ताकि आगामी दिनों में स्टेशन एक अलग लुक में यात्रियों को नजर आए। इसके तहत सिटी साइड के फ्रंट एरिया यानि नार्थ ईस्ट साइड में आने जाने के लिए स्टेशन बिल्डिंग में गेट नम्बर 3 और 2 पोर्च एरिया के साथ मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब में पब्लिक व्हीकल पार्किंग जोन, ड्राप पाइंट एंड पिकअप जोन, पेडिस्ट्रेशन प्लाजा, पार्सल एंड आरएमएस बिल्डिंग, रिजवर्ड लॉज बिल्डिंग, पब्लिक टायलेट फेसिलिटी, रोड, लैंड स्केपिकंग एंड सरफेस पार्किंग, अतिरिक्त डिजाइन व अन्य कार्य शामिल हैं।

### कराई जाएगी सुरक्षा व्यवस्था

स्टेशन में चल रहे कार्यों को झांझरिया निर्माण कंपनी कर रही है। इस कार्य के दौरान सुरक्षा के किसी तरह के कोई इंतजाम नहीं करने की जानकारी मिली है, जिससे बड़ी दुर्घटना होने की भी आशंका है। इसके लिए गतिशक्ति यूनिट को निर्देशित किया जाएगा, ताकि सुरक्षा व्यवस्था की जा सके।

- अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# रतनपुर टीआई लाइन अटैच राजपूत होंगे नए थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

40 हजार रुपए लेकर कोचिए को छोड़कर जब्त शराब को दूसरे कोचिया को बेचने की कोशिश करने, फिर रंगे हाथों पकड़े जाने पर ग्रामीणों से जमकर पिटने वाले दो आरक्षकों के निलंबन के दो दिन बाद एसएसपी ने रतनपुर टीआई नरेश चौहान को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं टीआई संजय सिंह राजपूत को नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

26 अगस्त को रतनपुर थाने के आरक्षक संजय खांडे, सुदर्शन मरकाम ने बिना वर्दी के सिल्ली मोड़ कुंआजती गांव में अवैध शराब बेचने वाले कोचिए को पकड़ा, फिर उससे 40 लीटर शराब और 40 हजार रुपए लेकर छोड़ दिया। उसके बाद दोनों सिपाही जब्त 40 लीटर शराब को बेचने पोंड़ी गए और एक अन्य कोचिए को बुलाकर शराब का सौदा करने लगे। ग्रामीणों ने सिपाहियों को रंगे हाथों पकड़ लिया और दोनों की जमकर पिटाई की, दोनों सिपाहियों को पंचायत में माफी मांगने पर छोड़ा गया। 30 अगस्त को दोनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया था। उसके दो दिन बाद 1 सितंबर को एसएसपी रजनेश सिंह ने अधिनस्थों पर नियंत्रण का अभाव मानते हुए टीआई नरेश चौहान को लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई संजय सिंह राजपूत को नया थाना प्रभारी बनाया गया है।



40 हजार लेकर कोचिए को छोड़ा, फिर महुआ शराब दूसरे कोचिए को बेचने लगे

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

- 40 हजार रुपए लेकर कोचिए को छोड़ने का मामला
- तीन टीआई का हुआ तबादला

### लोकल कर्मचारियों की भरमार

रतनपुर थाने में स्थानीय पुलिसकर्मियों की भरमार है। कोचिया छोड़ने के मामले निलंबित आरक्षक सुदर्शन मरकाम स्थानीय गांव का रहने वाला था। वहीं मामले में समझौता कराने वाला तीसरा आरक्षक भी स्थानीय है। स्थानीय होने के कारण पुलिसकर्मी गांव गांव घूमकर अवैध कारोबार करने वालों से वसूली कर पुलिस विभाग की छबि खराब कर रहे हैं। इन स्थानीय पुलिसकर्मियों की न तो कोई जांच की जाती है और न ही इनका तबादला किया जाता है।

### दो अन्य थानों के टीआई बदले गए

रतनपुर थाना के अलावा रेंज साइबर थाना में पदस्थ टीआई रविशंकर तिवारी को हिर्री थाना प्रभारी बनाया गया है और पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई रजनीश सिंह का रेंज साइबर थाना तबादला किया गया है।

### रतनपुर थाने में होते रहे हैं अनोखे कारनामे

जिले का रतनपुर पुलिस थाना पिछले कई सालों से अनोखे कारनामों को लेकर चर्चा में बना रहता है। इस पुलिस थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी गड़बड़ियों की मिसाल कायम करते रहे हैं। वर्ष 2023 में रतनपुर थाने में बलात्कार मामले में जेल गए युवक के परिजन से पुलिसकर्मियों से सांठगाठ किया और झूठ एफआईआर दर्ज कर रेप पीड़िता की मां को जेल भेज दिया था। मामला उजागर होने के बाद तत्कालीन टीआई केके सिंह को निलंबित कर 11 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया था। रतनपुर क्षेत्र में लिम्हा टोल प्लाजा के पास, भरारी, बेतलरा, खूंटाघाट रोड पर आधा दर्जन कोलडिपो संचालित हो रहे हैं। यहां रात के अंधेरे में कोयले का घोटाला होता है, जानकारी होने के बाद भी पुलिसवाले कार्रवाई नहीं करते। हालत यह है कि वर्ष 2023 में एक मामले में पुलिस महामाया मंदिर परिसर में कोलडिपो के गुर्गों को पकड़ने गई तो गुर्गों ने पुलिस पर हमला कर दिया और पुलिस की गाड़ी में जमकर तोड़फोड़ की, गुर्गों ने पुलिस पर पैसा लेने का आरोप भी लगाया। वारदात के बाद भी पुलिस ने गुर्गों को नहीं पकड़ा।

प्रधानमंत्री की माता के अपमान पर उबली भाजपा

# भाषा की मर्यादा खोती जा रही कांग्रेस, जनता देगी जवाब : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माता के अपमान पर भाजपा में काफी नाराजगी है। इस मुद्दे को लेकर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा है कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी बिहार में दरभंगा की एक सभा में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कांग्रेस और राजद की जनसभा में बिलो द बेल्ट जाकर अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग प्रधानमंत्री के सर्वोच्च पद पर बैठे श्री मोदी व उनकी स्वर्गस्थ माताजी को लेकर किया गया और मंच से गाली-गलौज की गई, उसका पूरा देश कड़ी निंदा कर रहा है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि दुनिया के किसी भी लोकतांत्रित देश में अपने विरोधियों के प्रति इस तरह अभद्र व अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता जैसा भारत के विपक्षी दल कर रहे हैं। समय-समय पर कांग्रेस के अन्य नेताओं के भी मुख से इस तरह की अभद्र भाषा बोली गई है। उन्हें सोनिया गांधी ने मौत का सौदागर बताकर इस अभद्रता की शुरुआत की और अब वह इस निम्न स्तर पर आ पहुंची है। प्रधानमंत्री श्री मोदी पिछड़ा वर्ग से आते हैं और उनकी जाति का अपमान करने की दृष्टि से राहुल गांधी और कई बार उनके नेताओं ने अपमानजनक बातें कहीं। हाल ही में एक सभा में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को तू कहकर संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी को देश की जनता ने लगातार तीसरी बार जनादेश देकर इस महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा है। अपने देश के विकास और उन्नति पूरा देश देख रहा है। तू-तड़ाक की भाषा का उपयोग करने से पहले राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि वे पहली बार लोकसभा में लीडर ऑफ अपोजिशन बने हैं, लेकिन अपने भाषणों में जिस तरह के शब्दों का चयन वह कर रहे हैं। राजनीतिक क्षेत्र में उन शब्दों के प्रयोग की कतई गुंजाईश नहीं है। श्री कौशिक ने कहा कि लोकतंत्र में जनता-जनार्दन सर्वोपरि होती है और बिहार की जनता निश्चित रूप से इस अभद्रता, अश्लीलता का माकूल जवाब देगी।



### मोदी विरोध के चक्कर में देश का कर रहे विरोध

श्री कौशिक ने कहा कि इस तरीके से कांग्रेस द्वारा जो समय-समय पर बिलो द बेल्ट जाकर और अपशब्दों का जिस तरीके से प्रयोग किया जा रहा है उससे कांग्रेस के नेता अपने वाली पीढ़ी को क्या संदेश दे रहे हैं। साफ-सुधरी, स्वच्छ, पारदर्शी राजनीति का जो परिचय प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दिया है, उसकी कल्पना तो कांग्रेस कभी कर ही नहीं सकती। मोदी विरोध करते-करते ऐसे कई अवसर आए हैं जब विपक्षी नेताओं ने देश का भी विरोध करना प्रारंभ कर दिया। देश की सेना, संवैधानिक संस्थाओं, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, चुनाव आयोग से लेकर किसी भी संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष देश में विश्वास का संकट पैदा करके विदेशी ताकतों के ईशारे पर अराजकता के अपने एजेंडे पर अमल कर रहा है। राजनीति का यह ट्रेंड राजनीति को कलुषित और दूषित करने का काम लगातार कर रहा है। यह अत्यंत निंदनीय है। लोकसभा से लेकर सड़क तक राहुल गांधी समते कांग्रेस समर्थक दलों के आचरण को पूरा देश और दुनिया देख रही है। प्रेसवार्ता दौरान छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा अभिकरण के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष द्वय मोहित जायसवाल, दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा, केके शर्मा, दुर्गेश पांडे, देवेष खत्री, शैलेन्द्र यादव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### विदेश यात्रा से लौटे सीएम साय से मिले तोखन



**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विष्णुदेव साय को उनके जापान और दक्षिण कोरिया प्रवास सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई दी। मंत्री श्री साहू ने कहा कि यह यात्रा न केवल छत्तीसगढ़ की नई संभावनाओं को उजागर करने वाली रही, बल्कि नई उम्मीदों और संकल्पों को भी लेकर आई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और निवेश के अवसरों को तलाशा, जिससे राज्य और देश की प्रगति में नए आयाम जुड़े। साथ ही, मूड़ आफ द नेशन के हालिया सर्वे के अनुसार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री साय देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों में दूसरे स्थान पर रहे हैं। यह उपलब्धि उनकी दूरदर्शिता, नीतिगत निर्णय और जनकल्याण के प्रति समर्पण को दर्शाती है। श्री तोखन ने मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व, दूरदर्शिता और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि यह लोकप्रियता केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि जनभावना का वास्तविक प्रतीक है। मंत्री साहू ने मुख्यमंत्री को भविष्य के कार्यों और योजनाओं के लिए शुभकामनाएं दी।

### छग शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला स्कूल शिक्षा मंत्री से



**बिलासपुर।** छग शिक्षक संघ का प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल स्कूल शिक्षा ग्रामोद्योग मंत्री गजेंद्र यादव से आज उनके निवास में मुलाकात कर प्राचार्य पदोन्नति टी संवर्ग पश्चात पदाकन के सफल निष्पादन के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही ई संवर्ग प्राचार्य पदाकन की शीघ्र कार्रवाई निष्पादन की अपेक्षा की। शीघ्र ही शनिवार को शाला संचालन का सुबह 7.30 बजे से 11. 30 बजे तक करने का आदेश जारी करने एवं व्याख्याता ई संवर्ग पर शीघ्र पदोन्नति की बात कही। साथ ही 11 बिंदुओं पर सुझाव दिए गए। इसमें सहायक शिक्षकों का तृतीय समय मान वेतनमान, गैर शिक्षकीय कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध, एकीकृत परिसर में जहां कक्षा एक से 12 वी तक की कक्षाएं संचालित हैं। उप प्राचार्य पद का सृजन करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, ओंकार सिंह, डॉ अशोक कुमार गुप्ता, मनोज राय, हरि प्रसाद शर्मा, भुवन सिंहा, टीकम सिंह साहू, भुवनेश्वर देवांगन, हरनारायण राजपूत, देवेंद्र तिवारी, नेम सिंह साहू, प्रणव माड्रारिक शामिल रहे। यह जानकारी दिलीप शर्मा ने दी।

### यूरिया खाद की किल्लत के खिलाफ आप का धरना



**बिलासपुर।** प्रदेश में यूरिया खाद की किल्लत और काला बाज़ारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने 1 सितम्बर को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन किया गया। पार्टी के जिला अध्यक्ष ग्रामीण खगेश चंद्राकर ने बताया है कि प्रदेश में किसानों की समस्यायों को लेकर जिले में धरना प्रदर्शन किया गया। जिलाधीश को ज्ञापन सोंपा गया। उन्होंने कहा कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए चिंताजनक है। समय पर डीएपी खाद भी नहीं मिला। कृषि विभाग ने यूरिया और खाद की आपूर्ति के लिए कोई योजना नहीं बनाई थी। छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन के लिए किसानों ने करीब 1200 करोड रुपए का कर्ज लेकर धान और अन्य फसलों की जैसे तैसे खाद की कमी के बावजूद बुवाई की है लेकिन सही समय पर यूरिया की कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसान परेशान हो रहे हैं, खाद नहीं मिल रहे हैं। किसानों का कहना है कि एक ओर किसानों को खाद नहीं मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर खाद की कालाबाजारी बाजार में धड़ल्ले से हो रही, शिकायत के बाद भी विक्रेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। किसान मर रहे हैं। आने वाले समय इसका दुष्प्रभाव पड़ सकता है। प्रशासन को चाहिए कि खाद समय पर किसानों को उपलब्ध कराएं। जिससे खेती अच्छी हो। आज के धरना प्रदर्शन में भानु चंद्रा, नरेंद्र यादव ,खगेश चंद्राकर,एस के गोयल, प्रमोद पटेल, चंद्रा साहू , रूपेश बंजारे, परदेशी यादव ,राजेश श्रीवास ,अमृत पटेल, रामचंद्र उपाध्यय,ओमप्रकाश शर्मा , राम सिंह यादव, सोहन लाल, गेंदू सूर्यवंशी, रामायण सूर्यवंशी , चंद्रशेखर साहू आदि मौजूद थे।



कोंडागांव में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते जिले के मलखंब खिलाड़ी।

### रेलवे ने जारी किया नोटिफिकेशन

# यात्रियों को मिलेगी सुविधा चलेंगी पूजा स्पेशल ट्रेनें, लगाएंगी 2024 फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्यौहारों का मौसम शुरू होते ही रेल यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी और मांग को देखते हुए रेलने ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन सेवाओं के संचालन का फैसला लिया है। बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ही 12000 से अधिक ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई जा चुकी है। वहीं जिन ट्रेनों के संचालन की योजना बन चुकी है उनका नोटिफिकेशन भी अब जारी किया जाना प्रारंभ हो चुका है।

21 सितंबर से 30 नवंबर तक कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिनके माध्यम से कुल 2024 अतिरिक्त फेरे सुनिश्चित किए जाएंगे। रेलवे ने यह निर्णय त्यौहारों के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने और उन्हें अपने प्रियजनों के साथ उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। विशेष रूप से उत्तर भारत, पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के बड़े स्टेशनों से चलने वाली इन ट्रेनों से महानगरों और ग्रामीण इलाकों के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित किया गया है। पूजा स्पेशल इन ट्रेनों की श्रृंखला के तहत दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा सर्वाधिक 48 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जो 684 ट्रिप्स पूरा करेंगी। इन ट्रेनों का संचालन मुख्यतः हैदराबाद, सिकंदराबाद और विजयवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों से किया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे ने 14 ट्रेनें अधिसूचित की हैं।

### बिलासपुर-यलहंका पूजा स्पेशल 9 से



दुर्गापूजा, दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बिलासपुर-यलहंका (बेंगलुरु)-बिलासपुर के मध्य 22 फेरों के लिये साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08261 बिलासपुर-यलहंका (बेंगलुरु) फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 9 सितम्बर 2025 से 18 नवम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को तथा गाड़ी संख्या 08262 यलहंका(बेंगलुरु)-बिलासपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन यलहंका से 10 सितंबर से 19 नवंबर 2025 तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी। इन गाड़ियों का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगाँव, डोंगरगढ़ एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया जाएगा। गाड़ी संख्या 08261 बिलासपुर-यलहंका फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को बिलासपुर से भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगाँव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वडसा, चांदाफोर्ट, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, काजीपेट, दूसरे दिन बुधवार को चर्लपल्ली, सिकंदराबाद, लिंगमपल्ली, विकाराबाद, तांडूर, यादगीर, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, गुंटकल, गुत्ती, अनंतपुर, धर्मवरम, होते हुए यलहंका पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08262 यलहंका-बिलासपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को यलहंका से रवाना होकर सुबह 5.30 बजे बिलासपुर पहुंचेगी।

### 10 फेरा लगाएगी पूरी से उधना पूजा स्पेशल 22 से

पुरी-उधना-पुरी के मध्य 10 फेरों के लिये साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। 08471 पुरी-उधना पूजा स्पेशल पुरी से प्रत्येक सोमवार को 22 सितम्बर से 24 नवम्बर तक तथा 08472 उधना-पुरी पूजा स्पेशल उधना से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 23 सितम्बर से 25 नवम्बर तक चलेगी। गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। 08471 पुरी-उधना पूजा स्पेशल पुरी से प्रत्येक सोमवार को 06.30 बजे रवाना होकर खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, ढेंकनाल, तालचर रोड, अंगुल, राईरखोल, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा होकर बिलासपुर में 16.10 बजे आकर रायपुर, नागपुर होकर 14.00 बजे उधना पहुंचेगी। इसी प्रकार 08472 उधना-पुरी पूजा स्पेशल उधना से प्रत्येक मंगलवार को 17.00 बजे रवाना होकर बिलासपुर 13.50 बजे होते हुए 22.45 बजे पुरी पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 7 स्लीपर, 4 एसी-टू, 2 एसी टू सहित कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# हिंदी हमारे देश की सांस्कृतिक पहचान : कौशिक

**बिलासपुर।** केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर में सोमवार को हिंदी पखवाड़े का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान अनेक साहित्यिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ



हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन प्राचार्य रमाकांत कौशिक की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन से हुआ। उन्होंने हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं, बल्कि हमारे देश की सांस्कृतिक पहचान है। इसका संरक्षण और संवर्धन हम सभी की जिम्मेदारी है। वैशाली साहू ने महादेवी वर्मा, ए साध्या ने सुभद्रा कुमारी चौहान, आर्वी ने मीराबाई, आदविक झा ने जयशंकर प्रसाद, अर्पित ने सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' और भूमि ने कविता तिवारी की वेशभूषा ने प्रेरणादायक काव्य पाठ किया। इसके बाद निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। आज का विशेष आकर्षण पुस्तकाध्यक्ष भूपेंद्र श्रीवास्तव ने मार्गदर्शन में आयोजित 'पुस्तक प्रदर्शनी' रही। इसमें हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध साहित्यकारों की कालजयी रचनाओं का प्रदर्शन किया गया।

इस आयोजन से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और भाषा-प्रेम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हिंदी शिक्षक सुनील पाण्डेय ने बताया कि आगामी पंद्रह दिनों में कहानी लेखन, वाद-विवाद, संभाषण तथा चित्रकला प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिससे विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि और सम्मान और अधिक बढ़ेगा।

### चौकसे आयुर्वेद रिसर्च सेंटर एण्ड हास्पिटल अब राष्ट्रीय आयुर्वेद आयोग से संबद्ध



**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस के अंतर्गत नया चौकसे कालेज आफ आयुर्वेद रिसर्च सेंटर एण्ड हास्पिटल अब राष्ट्रीय आयुर्वेद आयोग नई दिल्ली से संबद्ध हो गया है। यह उपलब्धि बिलासपुर के लिए गौरव की बात है। अब जिले को अपना पहला और एकमात्र निजी बीएएमएस कॉलेज मिल गया है। चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि इस वर्ष होने वाली काउंसलिंग में चौकसे आयुर्वेद कॉलेज में नीट 2025 के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष चौकसे ग्रुप के इंजीनियरिंग कॉलेज में बिलासपुर संभाग में सर्वाधिक प्रवेश हुए हैं। डॉ. जायसवाल ने कहा कि हमारा संकल्प विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। बिलासपुर में पहला निजी बीएएमएस कॉलेज खुलना न केवल विद्यार्थियों बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। हमें विश्वास है कि यह कॉलेज आयुर्वेद शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा।



एजुकेशन प्लस

## एक राष्ट्र एक चुनाव को व्यापारियों ने दिया समर्थन

**बिलासपुर।** कैट द्वारा आयोजित बिजनेस 3.0 वोकल फॉर लोकल का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें व्यापारिक चर्चा की गई। इसमें एक राष्ट्र एक चुनाव को व्यापारियों ने समर्थन दिया है। कैट बिलासपुर द्वारा आज वोकल फार लोकल बिजनेस 3.0 का आयोजन किया गया। बिलासपुर कैट जिला अध्यक्ष किशोर पंजवानी, महामंत्री हीरानन्द जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि ये बिजनेस 3.0 की पिछले महीने हुई बैठक के बाद कैट सदस्यों का आपस मे 1 करोड़ 20 लाख से ज्यादा का बिजनेस हुआ है। आज के कार्यक्रम के स्पेशल गेस्ट हरीश केडिया, डॉ ओम मखीजा, नवदीप अरोरा, पर्लिश जयसवाल, मो अली ईरानी, कमल विधानी रहे। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी ने कहा पूरे देश मे कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स ने एक राष्ट्र एक चुनाव व स्वेदशी वस्तुएं इस्तेमाल करने पूरे देश में अभियान चला रहा है। कैट के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा एव बिलासपुर अध्यक्ष किशोर पंजवानी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान वोकल फार लोकल अभियान को कैट बिलासपुर आगे बढ़ा रहा है। बिलासपुर के महामंत्री हीरानंद जयसिंह ने 23 सितंबर को दिल्ली के डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल में हुए वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम की जानकारी दी। सभी व्यापारियों ने एक राष्ट्र एक चुनाव को समर्थन दिया। स्पेशल गेस्ट को कैट बिलासपुर के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल, संजय मित्तल व मंत्री मनोज लाहोरानी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




## सीएमडी कालेज के एनसीसी कैडेट वीर का कैंप के लिए चयन



**बिलासपुर।** सीएम दुबे महाविद्यालय के एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर वीर सिंह यादव का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप दिल्ली में हुआ है।

कैडेट का चयन जजिंग डिस्टेंस और फील्ड सिग्नल प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो एनसीसी के सबसे चुनौतीपूर्ण एवं प्रतिष्ठित आयामों में से एक है। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने बताया कि कैडेट ने निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम, साहस और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। 7 सीजी बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट लोकेश देवा ने कहा कि यह चयन न केवल संस्था के लिए गौरवपूर्ण है बल्कि समूचे बिलासपुर और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी प्रेरणादायक है। एनसीसी अधिकारी रोहित लहरे ने बताया कि ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप देशभर के एनसीसी कैडेट्स के लिए प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण मंच है, जहाँ सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन और नेतृत्व कौशल की परख होती है। महाविद्यालय के अमन दुबे, प्राचार्य डॉ संजय सिंह, 7सीजी बटालियन के एस एम दीबेश कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ लाल सिंह, सूबेदार बृजमोहन, सूबेदार सतनाम सिग,हवलदार मनोज कुमार, हवलदार गणेश नागरे, हवलदार दलीप मेहरा, एनसीसी अधिकारी ने चयनित कैडेट को शुभकामनाएं दी।

### अशोका ऑटो में प्रत्येक वाहन की ख़रीदी पर 32 इंच कलर टीवी व लकी ड्रा उपहार

**बिलासपुर।** मेन रोड जूना बिलासपुर एवं व्यापार विहार मेन रोड भारतीय नगर चौक के पास स्थित अशोका ऑटो अपने प्रिय ग्राहकों के लिए इस त्यौहार लेकर आया है कई उपहार।

अशोका ऑटो जो बैक्सी इलेक्ट्रिक रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक ऑटो के अधिकृत डीलर हैं। इसके स्थानीय विक्रेता ने बताया कि इस त्यौहार संस्थान द्वारा अपने ग्राहकों के लिए अशोका ऑटो लेकर आया है। प्रत्येक वाहन की ख़रीदी पर हर ग्राहक के लिए 32 इंच कलर टीवी दिया जा रहा है। साथ ही लकी ड्रा कूपन के माध्यम से इलेक्ट्रिक स्कूटर, फ्रीज, वाशिंग मशीन, मिक्सी एवं म्यूजिक सिस्टम जीतने का मौक़ा भी है। आज ही अपना वाहन ख़रीदने के लिए हमारे शोरूम पर आए और अपनी मन पसंद आटो घर ले जाए। उन्होंने बताय कि यहां ग्राहकों को इसका काफी अच्छा रिस्पांस हमें मिल रहा है। आगामी पर्व को देखते हुए अशोक आटो अपने ग्राहकों के लिए कई तरह के उपहार योजना लकी ड्रा के माध्यम से लेकर आया है।




बिजनेस प्लस

# युवा मोर्चा ने कांग्रेस और राहुल गांधी का फूंका पुतला

**बिलासपुर।** भाजयुमो के जिला अध्यक्ष एव भाजपा जिला मंत्री निखिल केशरवानी ने बताता की बिहार के दरभंगा में हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता पर किए अपशब्दों के प्रयोग को लेकर आज भाजयुमो के कार्यकर्ता प्रतिकार करने सड़क पर उतरे गए।

युवा मोर्चा ने आज पुराना बस स्टैंड स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंका। इस अवसर पर दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, निखिल केशरवानी, कृष्णकुमार कौशिक, प्रणव&शर्मा, रितेश अग्रवाल, जयश्री चौकसे, चंद्रप्रकाश सूर्या, ऋषभ चतुर्वेदी, महर्षि बाजपेई, नितिन छाबड़ा, मोनू रजक, इन्शु गुप्ता, तुषार चंद्राकर, ज्ञानेंद्र कश्यप, सन्नी केशरी, अंचल दुबे, केतन वर्मा, अंकित गुप्ता, अनिल सूर्या, अभिषेक चौबे, जय वाधवानी, रामा गुप्ता, संध्या चौधरी, नीरज सिन्हा, रोशन राशि, मो.बरकाती, यश गोरहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# भाजपा शहर कार्यकारिणी की जंबो टीम घोषित, 95 लोग शामिल

**बिलासपुर।** सोमवार को भाजपा शहर कार्यकारिणी की जंबो टीम की घोषणा हुई है। शहर कार्यकारिणी में स्थाई सदस्य व विशेष आमंत्रित सदस्यों को मिलाकर कुल 95 लोगों को शामिल किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की अनुशंसा के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष शहर दीपक सिंह द्वारा शहर कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।

भाजपा शहर कार्यकारिणी में 51 लोगों को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। इसी तरह 14 स्थाई आमंत्रित सदस्य और 30 विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं। इस तरह शहर कार्यकारिणी की इस जंबो टीम में कुल 95 लोगों को शामिल किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष शहर दीपक सिंह ने बताया कि इस घोषणा के बाद जिला बाडी की मुख्य टीम बनकर तैयार हो गई। इसके बाद सात मोर्चा और बीस प्रकोष्ठों की घोषणा शेष रह गई है। स्थाई आमंत्रित सदस्यों में जिला के केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू व उप मुख्यमंत्री अरूण साव सहित बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, निगम सभापति विनोद सोनी, पूर्व विधायक राजू सिंह क्षत्री, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ललित संतोष कश्यप, बिल्हा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वंदना जेण्ड्रे, तखतपुर जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार,, बिल्हा जनपद अध्यक्ष रामकुमार कौशिक आदि को शामिल किया गया है। इसी तरह विशेष आमंत्रित सदस्यों में लखनलाल साहू, किशोर राय, अशोक विधानी, चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, श्रीमती वाणी राव, श्रीमती भारती माली, गोविंद यादव, श्रीमती अम्बिका विनोद साहू, दिनेश गौरहा आदि शामिल हैं। कार्यकारिणी में कार्यसमिति सदस्यों में पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, महेश चन्द्रिकापुरे, मनीष अग्रवाल, जुगल अग्रवाल, भृगु अवस्थी, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती पूजा कौशिक आदि को शामिल किया गया है।

### वंदना मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**बिलासपुर।** वंदना मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सीएलसी प्लाजा के पीछे महावीर पैलेस मंगला चौक में स्वास्थ्य जांच शिविर 31 अगस्त को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया था। जिसमें डॉ.सीएस उइके, डॉ.मेजर टी.ए.सिंह, डॉ नरेश जांगड़े, वंदना उइके के देखरेख में स्वास्थ्य जांच शिविर का कार्यक्रम सफल रहा।

इस शिविर का लाभ बिलासपुर शहर के अलावा पेंड्रा, मरवाही, तखतपुर, लोरमी, पंडरिया शहरों से भी मरीजों द्वारा लिया गया। इसमें करीब लगभग 160 से 200 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस परीक्षण में 2000 रुपए में होने वाली जांच मात्र 100 रुपए के पंजीयन पर किया गया। डॉक्टर सीएस उइके, वंदना उइके द्वारा वंदना मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सीएलसी प्लाजा के पीछे महावीर पैलेस मंगला चौक में तीन-तीन माह के अंतर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में मरीज शामिल होते हैं।

हेल्थ प्लस

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



एकता गणेश समिति एकता कालोनी

## जगह-जगह विराजे विद्यावारिधि


सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति गोड़पारा


श्री महाकाल समिति सिरगिट्टी


बृहस्पति बाजार में विराजे विघ्नहर्ता


श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति टिकरापारा


शिवाय गणेशोत्सव समिति


जरहाभाठा गणेश उत्सव समिति


नवीन गणेशोत्सव मंगला


उषा देवी मेमोरियल कालेज सकरी


बाल गणेश बुटनबाड़ी मंगला


संजय हाइट्स में विराजे लंबोदर


न्यू मॉडन स्कूल चांटीडीह


वालिम्बे परिवार पारिजात कालोनी


जय हिन्द नगर सिरगिट्टी


आदर्श गणेश उत्सव जोरापारा


बसंती वाटिका सीपत


रेखेन्द्र तिवारी के निवास में गणेश


रामा लाइफ सिटी में विराजे एकदंत


अपोलो क्वार्टर में विराजे मूषकराज

# भगवान के सत्संग में होता है शाश्वत आनंद का सुख

**वैष्णवों का मूल ग्रंथ भागवत कथा है। अमूल्य धन व साक्षात भगवान श्रीकृष्ण भी है। भगवान अलग-अलग रूपों में अवतार लेते हैं। वराह, मत्स्य, कच्छप सहित अन्य रूपों में भगवान का प्राकट्य हुआ। भागवत भगवान की कृपा से जीव के समस्त बंधन दूर हो जाते हैं। जीवन के उपद्रव शांत हो जाते हैं। आनंद की प्राप्ति होती है। शाश्वत आनंद का सुख भगवान के सत्संग में होता है।**

**बिलासपुर।** ये बातें कथा वाचक अभिनव गोपाल शरण महराज ने राधा गोपाल सत्संग सेवा संघ एवं श्री लक्ष्मी नारायण सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा रस महोत्सव में सोमवार को भागवत कथा के महात्म्य की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने कहा कि भागवत कथा हमारे जीवन ग्रंथियों को खोलने वाला ग्रंथ है। भगवान का रूप सच्चिदानंद यानी सत्य, चेतना व आनंद स्वरूप है। भगवान श्रीकृष्ण नंदबाबा के घर प्रकट हुए थे, इसलिए नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की..कहा जाता है। उन्होंने बताया कि जीव भी पूरे जीवन भर अपने सभी कार्य में आनंद की खोज करते हैं। यहां तक कि नवजात शिशु को भी आनंद की अनुभूति का अनुभव है। वह भी आनंद की खोज करता है। अपने अनुकुल वस्तुओं को ढूढ़ता है। हम चाहे कितने भी बड़े हो जाएं हमारी सारी क्रियाकलाप आनंद की ही खोज में रहता है। चाहे वह कैरियर, आगे बढ़ने सहित अन्य कुछ भी बात हो। हर जगह जीव आनंद की खोज में रहता है। जीव का मूल स्वरूप आनंद से है, इसलिए वह आनंद खोजता है।






श्याम मंदिर में चल रहा श्रीमद भागवत कथा रस महोत्सव

### भगवान के गुणगान का आनंद ही अलग

कथा व्यास ने बताया कि आनंद व सुख में अंतर है। आनंद शाश्वत और सुख क्षण भंगुर है। शाश्वत आनंद का सुख भगवान के सत्संग में होता है। भगवान के गुणगान का आनंद ही अलग है। जिसने इस रस को चख लिया वह उसे हमेशा प्राप्त करने का चेष्टा करेगा। समुद्र से एक लोटा जल निकालो तो वह खारा रहता है इसी प्रकार सत्संग से भगवान का सदगुण मूल रूप से जीव में आ जाता है। प्रकाश का मूल स्रोत सूर्य है। जीव भी अपने मूल स्रोत को पाने का प्रयास करता है और मूल स्रोत पाने से ही आनंद आता है।

### दूर हो जाते हैं तीनों ताप

कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद भागवत श्रीकृष्ण की प्राप्ति कराने व शरणागत जीव के दुखों को दूर करने वाले हैं। भागवत का मूल प्रयोजन भी यही है। जिसके हृदय में भगवान विराजमान हो उसके दैहिक, भौतिक सहित तीनों ताप दूर हो जाते हैं। पूर्व जन्म के कर्मो से प्रतिकूलताएं होती है पर कुछ प्रतिकूलताएं भगवान के शरणागत हो जाने से दूर हो जाते हैं।

### प्रिय भक्त माया से रहते हैं अछूते

कथा वाचक ने कहा कि कमल कीचड़ में खिलता है, पर कमल पर कीचड़ लगता नहीं है, इसी तरह भगवान के प्रिय भक्त पर संसार रूपी कीचड़ लग नहीं पाता है। वह दुर्गुणों व माया से अछूते रह जाते हैं, इसलिए भगवान की शरण में रहे और सत्संग करते रहें।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आराधना कर पूजा की




दिल्ली पब्लिक स्कूल में नर्सरी के नन्हे कलाकारों ने गणेश उत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे बच्चों के गणेश के आराधना से हुई। बच्चों ने रंग बिरंगे कपड़े पहने गीत, नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी। मंच को गणेश उत्सव की थीम पर सजाया गया जिससे वातावरण और भी मनमोहक हो उठा। बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं और जोश से भरी प्रस्तुतियों से सब का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में हमारे विद्यालय के प्रिंसिपल जसपाल सिंह माथ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए आवश्यक होते हैं एवं उन्हें हमारी भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से भी जोड़ते हैं। पूरे विद्यालय में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। नन्हे बच्चों की मासूम मुस्कान और सुंदर प्रस्तुतियों ने गणेश उत्सव को अविस्मरणीय बना दिया।

## प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज का तीज उत्सव

प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज के द्वारा तीजा पर स्वजातीय मातृशक्ति को समर्पित तीज महोत्सव कार्यक्रम कर शिव- पार्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



**बिलासपुर।** कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष नंदू सोनी के द्वारा किया। जिसमें श्रेया सोनी, सुनीता सोनी, संगीता सोनी,ईश्वर सोनी दामोदर सोनी ने भाग लिया। महिलाओं में पद्मा सोनी, कौशिल्या सोनी, संगीता सोनी, ममता सोनी, चंद्रिका सोनी, सुनीता सोनी, प्रतिमा सोनी, दुर्गा सोनी, रत्ना सोनी, सविता सोनी, अचला सोनी, कल्पना सोनी, नेहा सोनी, सुशीला सोनी, पार्वती सोनी आदि शामिल रहे। नीलेश्वरी सोनी, करूणा सोनी,पुरुषोत्तम सोनी आदि उपस्थित रहे।

# महालक्ष्मी पूजा : लगाए गए पूरनपुरी व 16 प्रकार की सब्जियों के भोग


कल्पना स्मिता कायकर के यहां पूजन


मनीष आवटी के निवास में महालक्ष्मी


राहुल, दिलीप फड़णवीस के निवास में महालक्ष्मी की पूजा की गई।


वालिम्बे परिवार पारिजात कालोनी



सितुत परिवार में महालक्ष्मी पूजन

**बिलासपुर।** शहर के महाराष्ट्रीयन परिवार में की जा रही महालक्ष्मी पूजा का सोमवार को दूसरा दिन रहा। इस दिन इस परिवार के लोगों ने माता की विधि-विधान से पूजा कर पूरनपुरी, मिष्ठान व 16 प्रकार की सब्जियों के भोग लगाए और अपने परिवार में सुख-शांति बहाल होने की कामना की। व्यापार विहार स्थित नागदौने कॉलोनी के प्रकाश सितुत एवं उनके परिवार द्वारा विगत 25 वर्षों से निरंतर ज्येष्ठा-कनिष्ठा गौरी (श्री महालक्ष्मी माता) पूजा का भव्य आयोजन प्रतिवर्ष श्रद्धा व भक्ति भाव से किया जा रहा है। यह पूजन न केवल ईश्वरीय कृपा एवं पारिवारिक सुख-शांति का प्रतीक है, बल्कि इससे समस्त परिवारजनों के मध्य आपसी प्रेम, एकता एवं सहयोग की भावना भी प्रबल होती है। इस पूजा के समय समस्त छोटे-बड़े सदस्य एकत्र होते हैं। जिससे पारिवारिक एकजुटता की भावना बढ़ती है। श्री सितुत ने बताया कि महालक्ष्मी इस समय अपने मायके आई हुई रहती हैं और उनके सम्मान में यह आयोजन होता है। यह पूजा पूरे परिवार में एकता व शांति से रहने का संदेश देता है। वालिम्बे परिवार पारिजात कालोनी, कायरकर टिकरापारा में भी महालक्ष्मी की धूम है।

## नन्ही प्रतिभा इधिका ने दिखाई बहुमुखी कला



**बिलासपुर।** कला और संस्कृति के क्षेत्र में कम उम्र में ही अपनी पहचान बनाने वाली 8 वर्षीय इधिका शर्मा, पुत्री रिचा पहवा एवं सागर शर्मा, ने हाल ही में उपलब्धि प्राप्त की है। साई नृत्य निलयम द्वारा आयोजित प्रणवम कार्यक्रम में इधिका ने लाइट वोकल श्रेणी तथा म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंटल श्रेणी दोनों में द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। इधिका एक ऑलराउंडर बालिका हैं, वह न केवल गायन में पारंगत हैं बल्कि कैसियो और यूकेलेले जैसे वाद्ययंत्रों में भी निपुण हैं।

## नशा मुक्ति अभियान : एक माह में पचास हजार लोगो तक संदेश पहुँचाया



**बिलासपुर।** नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार रूप देने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन ने एक माह पूर्व मेरा नशा मुक्त का भव्य शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान का कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो युवाओं और समाज के लिए नई उम्मीद लेकर आया है,सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने एक माह से चल रहे महाअभियान के बारे में बताया कि नशा एक सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक और मानसिक अभिशाप है। भारत सरकार के साथ मिलकर ब्रह्माकुमारी संस्था पुरे भारत देश में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन कर रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत पिछले एक माह से जिले में मेरा बिलासपुर नशा मुक्त बिलासपुर महा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के हर तहसील, गांव, समाज के हर वर्ग युवा, वृद्ध, बच्चे, स्त्री, पुरुष सभी तक पहुंच कर उन्हें नशे से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत करा कर नशा छुड़ाना है। दीदी ने नशे के दुष्परिणामों को बताते हुए कहा कि नशा नाश का कारण बनता है। जिस देश का युवा नशे की चपेट में आ जाए, उस देश का कोई भविष्य नहीं हो सकता। नशे की लत में पड़ा व्यक्ति खुद तो दुखी होता ही है, उसकी ऐसी आदतों की वजह से उसके परिवार को भी अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## भटली नरेश के दर्शन व भागवत श्रवण



**बिलासपुर।** राधाष्टमी की पूर्व संध्या पर भटली नरेश के दर्शन लाभ के साथ श्रीधाम वृंदावन निवासी प्रख्यात कथाकार आचार्य विनयकांत त्रिपाठी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत श्रवण किया। कथा में ललित अग्रवाल मंढोलीवाल परिवार की अनिता अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, निशा अग्रवाल, सीमा सरावगी, हनी मयंक अग्रवाल, नानकराम अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रमेश सरावगी, दामोदर अग्रवाल के साथ भटली पहुँचे।

## खबर संक्षेप



### वैदिक महाविद्यालय में विराजे विघ्नहर्ता

**सीपत।** वैदिक महाविद्यालय में सोमवार को विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का स्वागत उल्लास और श्रद्धा से किया गया। विद्यार्थियों ने बैंड, ढोल, ताशा और पटाखों के साथ महाविद्यालय परिसर में रंगोली सजाकर गणपति बप्पा का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों से पूरा कॉलेज प्रांगण भक्तिमय वातावरण में डूब गया। विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार और विधि-विधान से गणेशजी की पूजा-अर्चना की।

## निधन

### नारायणी पांडेय



**बिलासपुर।** विनोबानगर निवासी नारायणी पांडेय का 1 सितंबर को निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 2 सितंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रमाशंकर पांडेय की पत्नी, शैलेन्द्र, जितेन्द्र, देवेंद्र, राघवेंद्र, भूपेन्द्र की माता थीं।

### अयोध्या प्रसाद तिवारी



**बिलासपुर।** अमोरा वाले अयोध्या प्रसाद तिवारी का 27 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छतौना रोड मुक्तिधाम हाईकोर्ट के पीछे किया गया। वे कुसुम तिवारी के पति एवं योगेश तिवारी के पिता थे।

### उत्तम राज चौहान



**बिलासपुर।** निखिल आश्रम बहतराई निवासी उत्तम राज चौहान पिता स्वर्गीय संतोष राज चौहान का 1 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 सितंबर को सुबह 11 बजे से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### आशीष खाण्डेय



**बिलासपुर।** तखतपुर सोनबंधा निवासी आशीष खाण्डेय का निधन 1 सितम्बर को हो गया। वे 44. वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे मालिकराम खाण्डेय के पुत्र और मुस्कान के पापा थे।

## बिलासपुर संसदीय क्षेत्र की जनता में खुशी का माहौल

# बिल्हा रेलवे स्टेशन में बढ़ी सुविधा चार प्रमुख ट्रेनों का ठहराव फिर शुरू

**केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का किया गया अभिनंदन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद तोखन साहू के प्रयासों से बिल्हा रेलवे स्टेशन पर सारनाथ एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं शिवनाथ एक्सप्रेस जैसी चार प्रमुख ट्रेनों का ठहराव पुनः शुरू किया गया है। बिलासपुर इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस (12856) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बिल्हा क्षेत्र के नागरिकों ने अभिनंदन समारोह का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं तोखन साहू का आभार व्यक्त किया एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तोखन साहू ने कहा कि यह निर्णय बिल्हा क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के साथ-साथ यात्रियों के लिए सुविधाजनक एवं सुगम रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने इस पहल के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का विशेष आभार व्यक्त किया। श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र में कुल 20 स्टेशनों पर 52 ट्रेनों का ठहराव बहाल किया गया है। इनमें से बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के 6 प्रमुख स्टेशनों बिल्हा, बेलगहना, करगी रोड, खोंगसरा, पेंड्रा रोड एवं गतौरा पर 24 ट्रेनों का ठहराव पुनः शुरू हुआ है। श्री साहू ने कहा कि यह उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व का परिणाम हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के विकास और जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, अमरजीत सवन्नी, प्रकाश बिंदल, नानक रेलवानी, वंदना जेण्ड्रे, पुनीता डहरिया, सतीश शर्मा, विष्णु बिंदल व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व नगर वासी उपस्थित रहे।



केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन का अभिनंदन करते नागरिक।



### कोटा के लोगों ने जताया आभार

कोटा विधानसभा क्षेत्र एवं नगर की बहु प्रतीक्षित मांग बिलासपुर भोपाल ट्रेन का ठहराव करगी रोड कोटा स्टेशन के साथ ही उत्कल एक्सप्रेस सारनाथ एक्सप्रेस का स्टॉपेज बेलगहना खोंगसरा स्टेशनों में करने की स्वीकृति प्रदान करने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद तोखन साहू से सौजन्य मुलाकात की। कोटा नगर पंचायत में सांसद प्रतिनिधि दुर्गेश साहू जीवन मिश्रा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण चौहान पूर्व पार्षद लखन साहू युवा मोर्चा धनजय साहू मंत्री तोखन साहू को कोटा विधानसभा क्षेत्र एवं नगर की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**रेलवे में हुए अभूतपूर्व कार्य -** श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देशन में छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। खरसिया–परमालकसा रेल परियोजना (8,745 करोड़), रावघाट–जगदलपुर नई रेल लाइन (3,513 करोड़), 100% विद्युतीकरण, और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 30 स्टेशनों का आधुनिकीकरण चल रहा है। बिलासपुर (392 करोड़), रायपुर (413 करोड़), दुर्ग (347 करोड़), पेंड्रा रोड (16.59 करोड़), उसलपुर (16.54 करोड़) एवं बिल्हा (8.85 करोड़) स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।



## गौरहा परिवार रतनपुर राज ने मनाया तीजा तिहार

**बिलासपुर।** गौरहा परिवार रतनपुर राज द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन अशोक वाटिका में किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष दिनेश गौरहा, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश गौरहा, नंदिनी गौरहा, आशा गौरहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर हमारी मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया जिनमें प्रमुख नंदिनी गौरहा, आशा गौरहा, सावित्री गौरहा, मंदाकिनी शास्त्री, आशा पाण्डेय, शुभ्रा पाण्डेय, मांडवी रहीं। कार्यकारी अध्यक्ष उमेश गौरहा ने परिवार का मार्ग प्रशस्त करते हुए अत्यंत भाव पूर्ण उद्बोधन दिया। कार्यक्रम को संयोजन रंजना गौरहा (शर्मा) और स्मृति गौरहा ने किया। बच्चों और बहू बेटियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ग्राम सेमरा से झरना गौरहा ने द्वारा स्वागत गीत तथा सिंघनपुरी की शांभवी गौरहा द्वारा गणेश वंदना नृत्य की प्रस्तुति दी गई, अन्य विभिन्न कार्यक्रमों में विभा गौरहा ( उर्तुम ), सात्विक गुरुदीवान, रिमझिम पाण्डेय, यशवी तिवारी, स्वधा शर्मा, शुभ्रा तिवारी एवं सरिता गौरहा ने भाग लेते हुए माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रंजना गौरहा (शर्मा) ने किया। मंच पर कलयुगी बहू नामक नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसका संचालन विभा गौरहा (बीजा) द्वारा किया गया तथा पात्रों की भूमिका में अनामिका गौरहा, सुभासिनी गौरहा, दीप्ती गौरहा, अंजू गौरहा, यामिनी गौरहा, श्रीमती विभा गौरहा (बीजा), विभा गौरहा (उद्यम), शांभवी गौरहा थे। समाज को एक सकारात्मक संदेश देते हुए इस नाटक को सभी ने बहुत सराहा तथा हॉल तालियों से गूंज उठा। विभिन्न रचनात्मक व सांस्कृतिक खेलों का आयोजन किया गया जिनमें प्रीति गौरहा, रितु गौरहा, अनामिका गौरहा, एकता गौरहा, विभा गौरहा, नेहा दुबे, शुभ्रा दुबे, स्वर्णा पाठक, दीप्ती गौरहा तथा शिवानी गौरहा ने जीत हासिल की। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अपूर्व गौरहा, द्वितीय स्थान पर शांभवी गौरहा, तृतीय स्थान पर आराध्या गौरहा रहे। खेलों के आयोजन को सफल बनाने में प्रीति गौरहा तथा स्मृति गौरहा, चंद्ररेखा शर्मा की कड़ी मेहनत रही। इस संपूर्ण आयोजन के लिए गौरहा परिवार रतनपुर राज संगठन तथा सदस्यों में दिनेश गौरहा, उमेश गौरहा, अरविंद गौरहा, संतोष गौरहा, अनिल गौरहा, हरिश्चन्द्र गौरहा, वीरेंद्र गौरहा, संजय गौरहा (शर्मा), ब्रजेश गौरहा, धीरेंद्र गौरहा, रामदत्त गौरहा, मनीष गौरहा, सुदेश गौरहा, सिद्धार्थ गौरहा, निर्मेश गौरहा, धर्मेंद्र गौरहा, सोनू गौरहा, अभिषेक गौरहा, सुरेंद्र गौरहा, महेंद्र गौरहा, निपेन्द्र गौरहा, सतीश गौरहा, अरविंद शर्मा गौरहा की विशेष भूमिका रही।

■ बहू-बेटियों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## यूरिया और कीटनाशक के लिए चक्कर काट रहे किसान: अटल

### जयस्तंभ नाका चौक पर चक्काजाम एवं धरना-प्रदर्शन

**करगीरोड कोटा।** स्थानीय विधायक अटल श्रीवास्व के नेतृत्व में किसानों, पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने कोटा के जयस्तंभ नाका चौक पर चक्काजाम एवं धरना-प्रदर्शन किया।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि शासन एवं प्रशासन के अधिकारियों से लगातार बात करने के पश्चात भी खाद की कमी, कालाबाजारी पर अंकुश नहीं लग रहा है। किसान आज भी यूरिया के लिए कीटनाशक के लिए चक्कर काट रहे हैं। कोटा विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत कोटा की सीमा में आने वाले लोक निर्माण विभाग की सड़कों, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों की हालत खस्ता है। ग्राम अमाली बिल्लीबंद और श्रीपारा के नागरिकों ने सैकड़ों बार अधिकारियों से मुलाकात कर सड़क की मांग कर चुके हैं लेकिन अधिकारी मान नहीं रहे हैं। विधायक ने यह भी कहा कि जो सड़कें बनाई जा रही है वह बनते ही जर्जर अवस्था में आ जा रही हैं। कोटा विधानसभा में गुणवत्ता विहिन निर्माण का मॉडल स्थापित किया गया है। विधायक ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के रवैयो को लेकर भी चेतावनी देते हुए कहा कि तहसीलदार, आरआई व पटवारी किसानों को नामांतरण, सीमांकन के लिए लगातार चक्कर कटवा रहे हैं परेशान कर रहे हैं। समय रहते अधिकारी ध्यान दें अन्यथा आंदोलन का सामना करने के लिए तैयार रहें। आंदोलन में ब्लॉक अध्यक्ष कोटा आदित्य दीक्षित रतनपुर ग्रामीण यासीन खान विधायक प्रतिनिधि कुलवंत सिंह वीना मसीह शिवदत्त पाण्डेय कन्हैया गंधर्व प्रकाश जायसवाल जिला पंचायत जयकुमारी प्रभु जगत रजनी पिंटू मरकाम जनपद सदस्य धर्मेन्द्र देवांगन अलीबाबा कश्यप मनोज मरावी राधवेन्द्र रघवई सचीन साहू पार्षद देवेन्द्र कौशिक कान्हा गुप्ता जब्बार खान सहित पंचायत के सरपंच एवं जनपद सदस्य उपस्थित थे। अनुविभाग स्तर के अधिकारियों ने विधायक से मांगों पर बातचीत करने की पेशकश की तब जाकर चक्काजाम स्थगित किया गया। इस मौके पर अरूण त्रिवेदी सुरेश सिंह चौहान मनोज बाजपेयी कपिल जायसवाल दिलीप श्रीवास फुलचंद अग्रहरी संतोष बघेल अजय चौहान ईश्वर सिदार राजू श्याम जायसवाल अशोक अनंत परमेश्वर मिरी चिंता राम बाबा सोनी रवि राज सहित युवा कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस किसान कांग्रेस आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी जिला कांग्रेस के पदाधिकारी पूर्व पार्षद पूर्व जनपद सदस्य पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित किसान मौजूद रहे। चक्काजाम के दौरान बड़ी सख्या में पुलिस बल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झॉ एसडीओपी नुपूर उपाध्याय सहित प्रशासनिक टीम उपस्थित रही।



जय स्तंभ चौक पर प्रदर्शन करते विधायक अटल सहित अन्य।

## थैले में मिला नवजात शिशु, मामला दर्ज

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंगनाला गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक किसान की बाड़ी में काम कर रहे लोगों को अचानक किसी नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी। जब सभी मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक नवजात बच्ची को थैले में बंद कर फेंक दिया गया था। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल हॉस्पीटल रिफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगानाला की है। यहां सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे सत्तेसिंह मरकाम के खेत में नवजात बच्ची के रोने बिलखने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक नीले रंग के थैले में एक नवजात बच्ची मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी।

## 9 ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मामला



**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी में बाइक सवार द्वारा कुत्ते को टक्कर मारने के मामले में 9 लोगों खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। तीन दिन चला विवाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। प्रशासन एवं पुलिस ने दोनों ग्रामों में शान्ति समिति की बैठक आयोजित कर मामला शान्त कराया। सोमवार को कलेक्टर एसपी ने गांव का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को डिंडौरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साल्हेघोरी में बाइक व कुत्ते की टक्कर से उपजे विवाद में 9 ग्रामीणों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। डिंडौरी चौकी प्रभारी लखीराम नेताम ने बताया कि मामले में बाइक चालक देवचरण ग्राम मनकी निवासी के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 325, के तहत, कुलेश्वर साहू, दादू उर्फ देवा साहू, मनोज यादव, रामकृपाल निर्मलकर निवासी साल्हेघोरी के खिलाफ बीएनएस धारा 126,115(2), 351(2),3,(5) के तहत एवं योगेश डहरिया निवासी ग्राम पीथमपुर सहित तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 351(2),3,(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।जानकारी के अनुसार मामले में और भी एफआईआर होने की संभावना है।

## चालक देश की अर्थव्यवस्था की धड़कन, अनुशासन से मिलेगा सम्मान

**सीपत।** परिवहन चालक संघ बिलासपुर की शाखा सीपत की ओर से सोमवार को एनटीपीसी मटेरियल गेट के सामने ड्राइवर दिवस का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी रहे। कार्यक्रम में एएसआई सहेत्तर कुर्रे, कमलफूल साहू सहित पुलिस प्रशासन व परिवहन चालक संघ के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ टीआई ने चालकों को माला पहनाकर किया सम्मानित

टीआई गोपाल सतपथी ने कहा कि, परिवहन चालक ही देश की अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। उनकी मेहनत से गांव शहर जुड़ते हैं, और उद्योग चल पाते हैं। लेकिन एक जिम्मेदार चालक वही है, जो सड़क पर अनुशासन, सतर्कता और संयम बनाए रखे। ट्रैफिक नियमों का पालन करना सिर्फ कानून की मजबूरी नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा है। समाज तभी सम्मान देता है, जब चालक खुद भी समाज की सुरक्षा और जिम्मेदारी समझते हैं। टीआई ने आगे कहा कि चालक यदि हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति और सुरक्षित ड्राइविंग जैसे नियमों का पालन करेंगे तो दुर्घटनाओं पर बड़ी हद तक रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने चालकों से नशामुक्त होकर गाड़ी चलाने और यात्रियों की जान की जिम्मेदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। संघ के पदाधिकारियों और चालकों ने बताया कि, सड़क पर वे दिन-रात देश की रीढ़ की हड्डी की तरह कार्य करते हैं। लंबी दूरी तक माल और यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाना ही उनका जीवन है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सहयोग और समझदारी की अपेक्षा जताई, ताकि वे सुरक्षित और निश्चिंत होकर अपना कार्य कर सकें। संघ ने मांग रखी कि, चालकों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण, ट्रैफिक नियमों की ट्रेनिंग और जनजागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। कार्यक्रम के दौरान टीआई गोपाल सतपथी ने परिवहन चालकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के प्रवक्ता ईश्वर गिरी गोस्वामी, दादूराम यादव, राम सिंह, भागी रथी, गिरधारी लाल, इतवारी यादव, छतराय, मनोज यादव, लक्ष्मण, मधुसूदन गिरी गोस्वामी, जितेंद्र कश्यप, विनोद मरावी, सुमन दास वैष्णव सहित सहित बड़ी संख्या में ड्राइवर भाई उपस्थित रहे।



ड्राइवर दिवस मनाते संघ के सदस्य।


**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .... ब-121/2024-25
ग्राम पंचायत नवागांव दयाली

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम नवागांव दयाली को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुरूवा पिता चोवाराम जाति सतनामी निवासी ग्राम नवागांव दयाली तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग) के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री / पिता/ माँ / भाई / बहन, अर्जुन जन्म / मृत्यु दिनाँक 14.04.2002 को ग्राम नवागांव दयाली में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 04/09/2025 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपात्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 19/08/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .... ब-121/2024-25
ग्राम पंचायत अखरार

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम अखरार को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुरूवा पिता चोवाराम जाति सतनामी निवासी ग्राम नवागांव दयाली तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग) के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री / पिता/ माँ / भाई/ बहन, समरो बाई जन्म/ मृत्यु दिनाँक 02.06.2007 को ग्राम अखरार में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 04/09/2025 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपात्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 19/08/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .... ब-121/2024-25
ग्राम पंचायत नवागांव दयाली

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम नवागांव दयाली को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुरूवा पिता चोवाराम जाति सतनामी निवासी ग्राम नवागांव दयाली तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/पिता/ माँ/ भाई/ भुरी बाई जन्म/मृत्यु दिनाँक 07.08.2000 को ग्राम नवागांव दयाली में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 04/09/2025 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपात्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 19/08/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी सकर्रा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम ........उप तहसील सकर्रा

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम......तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनराखन गोंड़ पिता धजाराम निवासी कबराकापा तहसील सकरी जिला-बिलासपुर के द्वारा अपने पि. धजाराम पिता घुरउ की निरतू स्थान कबराकापा में दिनांक 15/10/2010 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत / नगर पालिक निगम कबराकापा को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1956 एवं छत्तीसगढ़ जन्म रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 03/09/2025 को अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज 14/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**आम सूचना**

मैं अपने आसामी श्री विश्वनाथ पटेल पिता स्व.सुधाराम पटेल, निवासी-ग्राम लोखण्डी, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर इस आशय का आमसूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे आसामी ने भूमि स्वामीगण रोहित राम लहरे पिता श्री उमराव लहरे, श्रीमति देवकी लहरे पति श्री रोहित लहरे, श्री कृष्ण कुमार लहरे पिता रोहित लहरे, हरीश कुमार लहरे पिता श्री रोहित लहरे निवासी-रियल हैवेंस अपार्टमेंट मंगला चौक बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा तुरकाडीह, प.ह.नं. 54, रा.नि.मं. पेण्डारी, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 463/3, 469/1, 470/3, 455/2, 455/4, 463/1, 469/2, 469/3, 462/2, कुल रकबा 02 एकड़ 10 डिसमिल को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान किया जा चुका है तथा उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन बैनामा निकट भविष्य में निष्पादित किया जाना है।

अतः उक्त वर्णित भूमि के संव्यवहार से जो कोई व्यक्ति/निगम/निकाय/शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था आदि को आपत्ति हो, तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में कर सकते हैं। समयावधि अवसान की गई दावा/ आपत्ति पर मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।
दिनांक - 01.09.2025

भवदीय
Sanjay Kumar Kaushik
Advocate
27 Kholi, Vikas Nagar,
Bilaspur (CG)
मो.नं.- 9977238764

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**राजस्व मामले का नोटिस**

क्रमांक../क/अति.तह./वाचक / 2025
बिलासपुर, दिनांक 25/8/2025

एतद् द्वारा श्री (1) अर्जुन सिंह बैस पिता स्व. विजय सिंह (2) रमेन्द्र सिंह पिता स्व. सीताराम सिंह निवासी जूना बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम चिल्हाटी प.ह.नं. 29 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 134 रकबा 0.2100 हे.एकड़ /हेक्टेयर भूमि की रिकार्ड सुधार के लिए श्री घुरुवा बाई पिता /पति स्व. गेंदराम धूरी निवासी चिल्हाटी द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 15/09/2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 15/09/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 25/8/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार सुधीर कुमार गुप्ता उर्फ पिन्टू गुप्ता पिता चुन्नीलाल गुप्ता निवासी-श्रीराम टॉवर व्यापार विहार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को आम सूचना का प्रकाशन कराता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी रामखिलावन पिता भूषण दास जाति बैरागी एवं योगेन्द्र पिता रामखिलावन के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा निमतरा प.ह.नं. 24, रानिम व तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 788/1, रकबा 0.370 हे., ख.नं. 788/2 रकबा 0.0370 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा कर टोकन प्रदान किया गया है और एक सप्ताह के बाद उपरोक्त भूमि का पंजीयन कराया जावेगा, यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थाएं, बैंक, निकाय को किसी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति दर्ज करावें। उपरोक्तानुसार समयावधि अवसान उपरांत की गई दावा आपत्ति अवैध होकर शून्य जाना जावेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक - 01.09.2025

भवदीय
प्रकाशचन्द्र जायसवाल अधिवक्ता
पता-कपिल नगर,सरकंडा,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 98271-76433
7389555507

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश सिंह ठाकुर पिता श्री अवध सिंह ठाकुर जाति ठाकुर निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र इन्द्रेश ठाकुर पिता श्री राजेश ठाकुर के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 10/09/2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा /आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ब-121/2024-25
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश सिंह ठाकुर पिता श्री अवध सिंह ठाकुर जातिं ठाकुर निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र गजेन्द्र सिंह ठाकुर पिता श्री राजेश ठाकुर के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 10/09/2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 25/08/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

**आम सूचना**

मैं संजय जोतवानी पिता स्व. परसराम जोतवानी निवासी हेमू नगर, चन्द्रा चौक के पास, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो कि मैंने श्री प्रकाश मराठा पिता श्री नत्थूराव मराठा निवासी हेमू नगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं हक की भूमि मौजा तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 859/4 एवं खसरा नम्बर 859/5 रकबा 0.0160 हेक्टेयर खुली भूमि एवं मकान निर्मित है जो समस्त राजस्व अभिलेखों में प्रकाश मराठा के नाम पर दर्ज है जिसे क्रय किये जाने का पक्का सौदा कर ली गई है जिसे भविष्य में उक्त खसरा नमबर भूमि का पंजीयन किया जाना है।

परन्तु विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त खसरा नम्बर की भूमि को विक्रेता के द्वारा अन्यत्र लोगों से विक्रय किये जाने का सौदा किया जा रहा है कि विधिवत गैर कानूनी एवं अवैधानिक है। इस हेतु यह आम सूचना के माध्यम से सूचना दी जा रही है कि प्रकाश मराठा पिता श्री नत्थूराव मराठा निवासी हेमू नगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) से उक्त भूमि का क्रय विक्रय का संव्यवहार न करें। भविष्य में अगर किसी प्रकार से क्रय विक्रय का संव्यवहार किया जाता है तो उक्त व्यक्ति जवाबदार रहेगा। जिस संबंध में कोई भी व्यक्ति संस्था, राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्थान या आम जन क्रय विक्रय का संव्यवहार न करें अन्यथा उक्त संव्यवहार अवैध एवं शून्य होगा उन्हें किसी भी प्रकार का स्वत्व, स्वामित्व एवं आधि -पत्य प्राप्त नहीं होगा तथा विभिन्न के कानूनी विवादों में उलझना पड़ेगा। इसलिए यह आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ।

सो सूचना जाने।
बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक -01/09/2025

भवदीय
संजय जोतवानी पिता
स्व.परस राम जोतवानी
हेमू नगर, चन्द्रा चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.- 9039425839

**न्यायालय तहसीलदार कोटा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-ब-121 / 24-25
ग्राम -बिल्लीबंद

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं हितबद्ध पक्षकार ग्राम बिल्लीबंद प.ह.न. 14 रा.नि.म. कोटा तहसील कोटा जिला बिलासपुर को सूचित किया है कि आवेदक विष्णु कुमार पिता श्री त्रिलोचन निवासी बिल्लीबंद द्वारा अपने स्वयं की जन्म दिनांक 11/09/74 को ग्राम बिल्लीबंद में होने का प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 05/09/25 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही होगा।

आज दिनांक 21/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर द्वारा जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
कोटा

**न्यायालय श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली छ.ग.**

हाबिल शाह.......................वादी
विरूद्ध अमरीका वगैरह ..प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र.- 09 अ/25
पेशी दिनांक- 15/09/2025
प्रो.क्र.- 142/25

**न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब पेश करने हेतु समंस**

वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध, जो इस प्रकरण से संबंधित है के विरूद्ध एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जिसमें पेशी आगामी दिनांक- 15/09/2025 को नियत है।

अतः प्रतिवादी क्रमांक 1, 3 क्रमशः अमरीका उम्र 50 वर्ष पिता लतेल, कुमारी पिता लतेल यादव दोनो निवासी ग्राम चंदखुरी थाना सरगांव तहसील पथरिया, जिला-मुंगेली, छ.ग. जो इस प्रकरण से संबंधित है को सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक- 15/09/2025 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक-21/08/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(कु. नारायणी कच्छप)
व्य. न्या. कनिष्ठ श्रेणी के प्र. अति. न्या. मुंगेली, जिला-मुंगेली, छ.ग.

## खबर संक्षेप

### तोखन से मिला रजक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल



**मोपका।** राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने न्यू सर्किट हाउस बिलासपुर में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट की। साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी को पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जयसवाल, बेलतरा के पूर्व विधायक एवं बस्तर के प्रभारी रजनीश सिंह उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने रजक समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। रजक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रदेश महासचिव सुरेश निर्मलकर बालोद, प्रदेश कार्य समिति सदस्य लक्ष्मीकांत निर्णेजक, सोशल मीडिया प्रभारी चंद्र कुमार निर्णेजक उपस्थित थे।

### तखतपुर विस क्षेत्र को पूर्ण रूप से किया जाएगा विकसितः धर्मजीत



**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर तखतपुर क्षेत्र के लिए 6 करोड़ 61 लाख रुपए के कार्यों की सौगात मिली है। इस स्वीकृति पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पूरे तखतपुर विधानसभा क्षेत्र को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए व्यवस्थित रूप से कार्य योजना बनाकर उस पर काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार चहुंओर विकास की गंगा की बहा रही है। हर क्षेत्र के लिए विशेष महत्व दिया जा रहा है।विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से सकरी के विभिन्न वार्डो के लिए 4 करोड़ 61 लाख रुपए के निर्माण कार्यों की स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण सांव ने दी है।

### एमजीडी आत्मानंद स्कूल से निकली साइकिल रैली



**लोरमी।** राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचंद जन्म जयंती समारोह तथा राज्य गठन रजत जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत महंत जगन्नाथ दास स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं न्यू जनरेशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल रैली का आयोजन विद्यालय परिसर से लेकर रेस्ट हाउस लोरमी तक एवं वापसी मंगलम भवन नवीन मार्ग गौरव पथ होते हुए पुनःविद्यालय पहुंचकर समापन हुआ। उक्त रैली को राजेंद्र सलूजा पार्षद वार्ड क्रमांक 13, पूर्णिमा घनश्याम यादव पार्षद वार्ड क्रमांक 15 ,सोहन डड़सेना पार्षद वार्ड क्रमांक 14, अशोक तिवारी आरएसएस, बालमुकुंद वैष्णो आरएसएस, सतीश मिश्रा, हायर सेकेंडरी झाफल के प्राचार्य अनिल जायसवाल, एमजेडी के प्राचार्य अरुण कुमार जायसवाल, एबीईओ सुनील शर्मा एवं अन्य शिक्षकों ने संबोधित किया। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार जायसवाल ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

### राजा गुरु बालक दास की जयंती पर पौधरोपण



**मुंगेली।** ग्राम पंचायत लालाकापा में राजा गुरु बालक दास की जयंती पर सतनामी समाज ने पौधरोपण किया। सतनामी समाज के अध्यक्ष धर्मेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण किया गया। पौधा हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करता है और जलस्तर भी अच्छा रहता है। हर वर्ष अधिक से अधिक पौधा लगाया गया। इस वर्ष बरगद और पीपल का पेड़ लगाया गया। यह छायादार पौधा है। राजा गुरु बालक दास जयंती के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण का कार्य सतनामी समाज द्वारा किया गया। मुख्य रूप से अध्यक्ष धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष देव चंद, कोषाध्यक्ष सूरज, तिलक चतुर्वेदी, एकेश्वर दिवाकर, केशव, बड़कू, डिग्गू आदि उपस्थित रहे।

### वर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश जिला महामंत्री नियुक्त





**पथरिया।** विकासखंड क्षेत्र के दो पूर्व मण्डल अध्यक्षों एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक के करीबी माने जाने वाले भाजपा नेताओं को मुंगेली भाजपा जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष और महामंत्री का पद दिया गया है। मुंगेली भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी की अनुशंसा पर प्रदेश भाजपा द्वारा पूर्व पथरिया मण्डल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है, वहीं सरगांव के पूर्व मण्डल अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर को जिला महामंत्री बनाया गया है। दोनों भाजपा नेता दो दो बार मण्डल अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके संगठनात्मक क्षमताओं को ध्यान रखते हुए जिला कार्यकारिणी के प्रमुख पदों पर नियुक्ति मिली है। जिला कार्यकारणी में क्षेत्र के जनपद सदस्य रिंकू सिंह ठाकुर को जिला मंत्री का दायित्व दिया गया है।

## हाईस्कूल मैदान में आयोजित किया गया तीजा कार्यक्रम

# तीजा तिहार छग की संस्कृति का हिस्साः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने सोमवार को हाईस्कूल मैदान में अपनी तिजाहरिन बहनों, दीदियों के साथ तीजा तिहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री भाई की ओर से आयोजित इस तिहार में प्रेम और सम्मान पाकर बहनें भाव विभोर हो गईं। श्री साव जी आमंत्रण पर पधारने के लिए हजारों बहनों को मंच से प्रणाम किया। वहीं इस आमंत्रण के लिए विधायक अरुण साव को बहनों ने आशीष एवं स्नेह प्रदान किया।

तीजा तिहार की शुरुआत भगवान महादेव की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव की धर्मपत्नि मीना साव सहित क्षेत्र की बहनों ने पूजा कर महादेव से आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि, तीजा तिहार में लोरमी क्षेत्र की हजारों माताएं-बहनें सम्मिलित हुईं और भाई अरुण साव को जनसेवा के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। श्री साव ने इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ से सभी बहनों के घर धन्य धान्य एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उस अवसर पर श्री साव ने तीजा तिहार को लेकर कहा कि, छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा त्योहार की रही है। और यह त्योहार सामूहिक रूप से मनाई जाती है। लोरमी के सभी भाइयों ने लोरमी की बहनों के लिए तीजा तिहार का आयोजन किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विविध खेल का भी आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में शामिल डिप्टी सीएम अरुण साव।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हुए सम्मिलित

विधायक अरुण साव लोरमी के शनि धाम मंदिर परिसर में भगवान श्री गणेश जी की दिव्य प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सपत्नीक सम्मिलित हुए। उन्होंने भगवान श्री गणेश जी से समस्त प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, विनय साहू, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### स्कूली छात्राओं का मिला स्नेह

उप मुख्यमंत्री अरुण साव को तीजा तिहार में आत्मानंद स्कूल की छात्राओं का विशेष स्नेह मिला। इस मौके पर छात्राओं ने अपने हाथों से बनाया विधायक अरुण साव का स्केच उनको भेंट किया। इस स्नेह के लिए श्री साव ने उनका आभार एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

उप मुख्यमंत्री श्रीसाव ने लोरमी में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरागत त्योहार तीजा को विशेष रूप मनाया। इस अवसर पर प्रदेश की प्रसिद्ध लोकगायिका गरिमा दिवाकर एवं उनकी अंजोर की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने तीजा पोरा आगे भाग हमर खुलगे, हर-हर भोला गुरु महादेव जैसे गीत से सभी तिजारिन का मन मोह लिया।

## एसईसीएल ने अगस्त में दर्ज किया रिकॉर्ड ओबीआर



**बिलासपुर।** एसईसीएल ने अगस्त 2025 में ओवर बर्डन रिमूवल का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हाल ही में सम्पन्न अगस्त माह में कंपनी ने 25.17 मिलियन क्यूबिक मीटर का ओबीआर कर स्थापना से अब तक किसी भी अगस्त माह में सर्वोच्च ओबीआर की उपलब्धि दर्ज की है।

■ मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर के साथ अगस्त माह का सर्वाधिक ओबीआर

एसईसीएल के अफसरों ने बताया कि अगस्त 2025 के लिए निर्धारित 21.17 मिलियन क्यूबिक मीटर के लक्ष्य की तुलना में एसईसीएल ने 115.8% उपलब्धि दर्ज की। वहीं, अगस्त 2024 में प्राप्त 13.62 मिलियन क्यूबिक मीटर की तुलना में इस वर्ष उल्लेखनीय 84.82% की वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि कोयला उद्योग में ओपनकास्ट खदानों से कोयला निकालने से पूर्व मिट्टी, पत्थर आदि की परतें हटानी पड़ती हैं, जिन्हें ओवरबर्डन कहा जाता है। इस कार्य को ओवर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) कहते हैं। ओबीआर कोयला उत्पादन का एक महत्वपूर्ण निष्पादन मानदंड है, क्योंकि इसके माध्यम से भविष्य के उत्पादन के लिए कोयला सीम को तैयार किया जाता है। एसईसीएल द्वारा अपने मेगा प्रोजेक्ट्स में ओबी हटाने के लिए ब्लास्टिंग-रहित रिपर तकनीक के प्रयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे सुरक्षित एवं पर्यावरण-हितैषी रूप से ओबी हटाना संभव हुआ है। एसईसीएल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 360 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर का लक्ष्य सौंपा गया है, जिसकी ओर कंपनी मजबूती से अग्रसर है।

## सिलदहा में स्कूली बच्चों ने विभिन्न खेलों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पथरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला सिलदहा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों का आयोजन कर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बिस्किट दौड़, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, रस्सी दौड, कबड्डी, निशान लगाना, फुगड़ी आदि खेल में सहभागिता निभाकर पुरस्कार प्राप्त किया। प्रधानपाठक संजय सिंह ने कहा कि, मेजर ध्यानचंद खेल के प्रति निष्ठा समर्पण के कारण उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा, इसलिए उन्हें हॉकी का जादूगर कहा गया। हिटलर ने उन्हें अपने देश की ओर से खेलने के लिए कई प्रलोभन दिए, जिसे इंकार कर उन्होंने भारतमाता के सम्मान के लिए खेलना श्रेयस्कर समझा। इस दौरान खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। बोरा दौड़ में प्रथम अमन यादव, द्वितीय कृष्णा निषाद, तृतीय आदित्य श्रीवास बालिका में भारती प्रथम, दीपिका द्वितीय व राम्या ने तृतीय स्थान प्रप्त किया। बिस्किट दौड़ में कृष्णा निषाद, अमन, विहान और बालिका में आकांक्षा ईश्वरी, अंकिता, फुगड़ी में राम्या, जागेश्वरी, तारिणी, शोभा प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में बसंत कुमार, गणेश नायक, संगीता वर्मा, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



**पेंड्रा।** बिहार में आरजेडी के मंच से राहुल गांधी की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी से लगी राजनीतिक आग बुझने का नाम नहीं ले रही। उक्त टिप्पणी से नाराज होकर जीपीएम जिले में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने संजय चौक गौरेला में राहुल गांधी का पुतला दहन किया। उक्त पुतला दहन युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंकुर गुप्ता के नेतृत्व में किया गया, जिसमे जिला अध्यक्ष लालजी यादव, मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, भाजयुमो जिला प्रभारी रितेश फरमानिया, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह भी शामिल हुए। मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची ने कहा कि, राहुल गांधी की उपस्थिति में इस प्रकार के अशोभनीय शब्द का उपयोग उनकी घटियापन से शुशोभित विचारधारा का प्रतीक है, जिसकी हम निंदा करते हैं। इस मौके पर जिला मंत्री बालकृष्ण अग्रवाल, नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंकुर गुप्ता राकेश चतुर्वेदी, मनीष अग्रवाल, लुसन राठौर, छोटेलाल सोनी, राजकुमार पूरी, सौरभ अग्रवाल, सन्नी आगवानी, भावेश केशरवानी ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री सिद्धार्थ दुबे ने किया।

## गर्ल्स स्कूल में वाद-विवाद चित्रकला प्रतियोगिता



**तखतपुर।** महिला समानता दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या विद्यालय तखतपुर में वाद विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि, आज हम सब महिला समानता दिवस मना रहे हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि, समाज की प्रगति तभी संभव है, जब महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिले। इतिहास गवाह है कि, हमारी मातृशक्ति ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है चाहे विज्ञान हो, राजनीति, खेल, साहित्य या फिर कला। महिलाएं केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति की धुरी भी हैं। सभी में अपार संभावनाएं छिपी हैं। उन्होंने कही कि, जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा परिवार और समाज आगे बढ़ता है। हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि, हम महिला समानता के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएंगे और एक ऐसे समाज का निर्माण करेंगे जहां स्त्री-पुरुष दोनों समान रूप से सम्मानित और सक्षम हों। कार्यक्रम का संचालन रश्मि मिश्रा और आभार प्रदर्शन मिनाज खान ने किया। इस अवसर पर मीनाक्षी शर्मा, जेडी कुजूर, बीआर सूर्यवंशी, आमोद एक्का, जीडी वैष्णव, कामिनी गुप्ता, महेश्वरी सिन्हा, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा, संदीप ध्रुव, पुष्पेंद्र दुबे, मयंक यादव, अंकित विश्वकर्मा पारुल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत सेमरदर्री में लगी संध्या चौपाल




सेमरदर्री में लगी चौपाल में शामिल अफसर व जनप्रतिनिधि।

**भर्रीडांड़।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे 'संध्या चौपाल' कार्यक्रम के अंतर्गत मरवाही के ग्राम पंचायत सेमरदर्री में जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे ने संध्या चौपाल में उपस्थित होकर आवास योजनांतर्गत चयनित हितग्राहियों से सीधी चर्चा की, और उनके आवास निर्माण में आ रही समस्याओं को गंभीरता से सुना।

उन्होंने प्रत्येक हितग्राही से उनके कार्य की प्रगति जानी और समय पर आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। विशेष रूप से सेमरदर्री पंचायत के पहाड़ी क्षेत्र बिलाईडाड़, जहां कुल 52 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें 10 पूर्ण हो चुके हैं, वहां शेष आवासों को 30 सितंबर 2025 तक पूर्ण करने हेतु हितग्राहियों को प्रेरित किया गया। श्री रावटे ने निर्माण में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों को समझते हुए उपयुक्त सुझाव एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान हितग्राही शिवलाल ने गृहप्रवेश कार्यक्रम के लिए सीईओ को आमंत्रित भी किया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

इस चौपाल में जनपद सीईओ, जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, आवास हितग्राही एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 'संध्या चौपाल'का उद्देश्य हितग्राहियों की समस्याओं का स्थल पर समाधान, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध आवास निर्माण एवं पंचायत स्तर पर योजनाओं की प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन करना है। यह कार्यक्रम न सिर्फ प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम कर रहा है, बल्कि नीति और जमीनी हकीकत के बीच सेतु का कार्य भी कर रहा है।

## सूरत में आयोजित 'अध्ययन सह भ्रमण' कार्यशाला में शामिल हुए जालान



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन के निर्देश पर सूरत नगर निगम में आयोजित ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबन्धन अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के अवलोकन एवं अध्धयन हेतु सूरत नगर निगम में 1 से 3 सितंबर तक 'अध्ययन सह भ्रमण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में पेन्ड्रा नपा अध्यक्ष राकेश जालान व मुख्य नपा अधिकारी अमलदीप मिंज शामिल हुए। राकेश जालान ने कहा कि, नगर निगम सूरत गुजरात में आयोजित इस कार्यशाला में हमें जो भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है एवं जो कुछ भी जानकारी दी गई है, इस दिशा में हम काम करने की पूर्ण कोशिश करेंगे। यह 'अध्ययन सह भ्रमण' कार्यक्रम से काफी कुछ नई चीजें सीखने को मिल रही हैं, जिस पर काम करने नगर पालिका अधिकारी व समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करेंगे। यह नगरपालिका अध्यक्ष व अधिकारियों की कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम हैं, जहां अध्यक्ष और अधिकारी नगरपालिका के कामकाज, नीतियों को लागू करने, सार्वजनिक सेवा प्रदान करने और शहर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इसका उद्देश्य कार्यकुशलता बढ़ाना, समस्याओं का समाधान खोजना और स्थानीय प्रशासन को मजबूत करना होता है।

## आरती-पूजन के साथ श्रीअखंड कीर्तन का समापन



कीर्तन के समापन अवसर पर मौजूद श्रद्धालु।

**दगोरी।** प्रभु की सच्ची आराधना से मांगा हुआ वरदान जरूर पूरा होता है। निःस्वार्थ, समर्पण भाव से की गई मांग अवश्य स्वीकार होती है। उक्त बाते गांधी चौक में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीअखंड कीर्तन के समापन पर पं राजा चौबे ने कही।

उन्होंने चातुर्मास के उद्देश्य व महात्म को भी बताया। यहां श्रीअखंड कीर्तन में बाजार मोहल्ला, इंदिरा कॉलोनी, बर पारा, कबीर चौक, स्टेशन मोहल्ला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे उपस्थित होकर प्रभु की भजन कीर्तन की। 24 घंटे के कीर्तन समारोह के आयोजन से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के राधेश्याम कौशिक, श्याम सुन्दर सन्नाट, ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, राजकुमार कौशिक, दीपक सन्नाट, लालाराम कौशिक, हरिराम कौशिक, मुन्ना कौशिक, समाज सेवी दशरथ सन्नाट, बालाराम कौशिक, बालाराम सन्नाट, छबिलाल कौशिक, हरिश्चंद्र कौशिक, हेमचंद्र सन्नाट गुरुजी, रामेश्वर, संजय कौशिक, बल्ला कौशिक के साथ ही सहयोगियों में विश्राम दाश, मानस, जवाहिर, मेलाऊ राम, धरम लाल, दीपक सन्नाट, दिलेश कौशिक, धनसाय, श्याम कौशिक, भोला कौशिक के साथ जेठिया बाई, अनिता, रूखमणी, रीना, पुराना बाई, कांति कौशिक, फुलबाई, शीतला देवी सन्नाट, रुक्मणि कौशिक, राजकुमारी, पार्वती सहित समस्त ग्रामवासियों ने सहयोग प्रदान किया। पूजन आरती के पश्चात प्रसाद वितरण कर श्रीअखंड कीर्तन का समापन हुआ। इस आयोजन में जनपद पंचायत सभापति राजकुमार साहू, पंच, बलदाऊ कौशिक, छबिलाल कौशिक, खोरबहरा राम कौशिक, मदन लाल, श्रवण कौशिक की गरिमामई उपस्तिथि रही।

## छात्र-छात्राओं ने दी लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति

# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

फिजिकल कॉलेज खेल मैदान पेंड्रा में 25वीं राज्य स्तरीय चार दिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। राष्ट्रगान की बैंड धुन पर प्रदेश के पांचों सभांग बस्तर, दुर्ग, रायपुर, सरगुजा और बिलासपुर के खिलाड़ियों के दल ने अलग-अलग पोशाक में अपने ध्वज के साथ शानदार मार्चपास्ट किया।

इस अवसर पर आकर्षक वेशभूषा में छात्र छात्राओं ने लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में जिमनास्टिक, ताइक्वांडो और क्रिकेट सहित तीन खेल विधाएं शामिल हैं। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में 1 से 4 सितंबर तक चलने वाली इस खेल प्रतियोगिता में 675 खिलाड़ी एवं 50 कोच-मैनेजर भाग ले रहे हैं। जिमनास्टिक में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका, ताइक्वांडो में 14, 17 एवम 19 वर्ष आयु वर्ग की बालिका और क्रिकेट में 19 वर्ष के बालक शामिल हैं। जिमनास्टिक का आयोजन गुरुकुल जिमनास्टिक हॉल गौरेला में, ताइक्वांडो का आयोजन अटल सभागार जनपद स्कूल पेंड्रा में और क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन फिजिकल कॉलेज मैदान पेंड्रा में किया जा रहा है। समारोह की मुख्य अतिथि समीरा पैकरा ने कहा कि, बड़े ही सौभाग्य की बात है कि, फिजिकल कॉलेज मैदान में चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हो रहा है, और यहां छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से प्रतिभावान खिलाड़ी आए हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को ऊर्जा के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया और अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन और ध्वजोत्तोलन किया।




प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

## खाद के लिए हंगामा कर रहे किसानों की कटी जेब

**लोरमी।** नगर के तहसील चौक के पास खाद गोदाम में यूरिया को लेकर किसानों ने लगभग 1 घंटे सड़कों में हंगामा मचाया। इसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और फिर अपंजीकृत किसानों को एक-एक बोरी यूरिया प्रदान किया गया। इधर यूरिया के लिए लाइन में लगे दो किसानों के जेब कटने का मामला भी सामने आया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को तहसील चौक स्थित खाद गोदाम में यूरिया की खेप आने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर किसान यूरिया देने मांग करने लगे। भीड़ अधिक होने के कारण अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित होने लगी, जिससे नाराज किसान सड़क हंगामा मचाने लगे। इसको लेकर लेकर प्रशासन एवं पुलिस की टीम हरकत में आई। एसडीएम मायानन्द चन्द्रा ने स्तिथि को देखते हुए सभी किसानों को एक-एक बोरी यूरिया देने का आदेश किया एवं वितरण स्थल पर कर्मचारियों ने टोकन देकर शान्तिपूर्ण माहौल में खाद वितरण प्रारंभ किया। इस दौरान कुछ किसानों की जेब भी कट गई। जोतपुर के किसान जितेंद्र कुर्रे ने बताया कि, उसकी जेब से 6 हजार गायब हो गए, वहीं ग्राम चकला के किसान मनोज कुर्रे की जेब से 4 हजार अज्ञात तत्व ने पार कर दिया। एसडीएम मायानन्द चन्द्रा ने बताया कि, निजी दुकान से एक दिन पूर्व यूरिया वितरण किया गया था, आज भी अपंजीकृत किसानो को एक-एक बोरी किसानो में खाद वितरण किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी



**बिलासपुर।** पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस ने सूचना मिली बैमा नया तालाब के पास शेड के नीचे स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेलते नरेश साहू, अरेन साहू, जागेश्वर यादव, दिलीप सूर्यवंशी, संजू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 11 हजार 280 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चोरी की 8 दिन बाद दर्ज की गई एफआईआर

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े चोरों ने किसान के घर से कीमती सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया। आलम यह है कि मामले में 8 दिन बाद एफआईआर दर्ज की गई है और पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम लिटिया निवासी किसान जीवनलाल साहू की पत्नी 31 अगस्त को रिश्तेदार सतीश साहू के घर गई थीं। दोपहर 3 बजे वे घर के दरवाजे की सांकल लगाकर खेत चले गए। शाम 4.30 बजे वे घर आए तो एक व्यक्ति बाड़ी में मिला। पूछने पर फूल तोड़ने की बात कहकर चला गया। वे घर जाकर देखे तो पेटी में रखा चांदी का लच्छा 50 तोला, एठी 18 तोला, चांदी की चेन 8 तोला, बिछिया 4 नग, अंगूठी 5 ग्राम, मंगलसूत्र 10 ग्राम, सोने की गेंहूदाना 3 ग्राम, 10 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। मजेदारबात यह है कि मामले में 8 दिन बाद चोरी की रिपोर्ट लिखी गई है। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग का कहना है पीड़ित किसान स्वयं चोर खोज रहा था। 31 अगस्त को वह रिपोर्ट लिखाने थाने आया तब चोरी की रिपोर्ट लिखी गई है।

### तोरवा में भांजे पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** तोरवा पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश चित्रकूट लोहदा निवासी विनय विश्वकर्मा पिता शिवप्रसाद चार माह पूर्व में अपने नानी के घर देवरीखुर्द आए हुए हैं। 31 अगस्त की रात 12 बजे घूम कर वे घर आए तो उनका मामा विनोद विश्वकर्मा नानी से विनय को यहां क्यों रखे हो उसको उसके घर भेज कहकर विवाद कर रहे थे। विनय क्यो जाउंगा कहा तो विनाद विश्वकर्मा ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई है।

### तलवार लहराते बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने तलवार लहराकर अशांति फैलाने वाले गुण्डा बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिली बन्नाक चौक के पास गुण्डा बदमाश नयापारा निवासी सूरज उर्फ बरैया 23 साल तलवार लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके से तलवार सहित उसे पकड़ लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**15 दिनों से जारी हड़ताल के कारण मरीजों को हो रही परेशानी**

**अर्बन क्षेत्र के सीएचसी और पीएससी में दिखने लगा है असर**

# बेमुद्दत हड़तालः कहीं अस्पताल में लगा है ताला, कहीं 15 दिन से प्रसव सुविधा बंद

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 700 कर्मचारी जिले में हड़ताल पर जा चुके हैं। 15 दिन बीतने के बाद भी हड़ताल को लेकर शासन ने निर्णय नहीं लिया है, वहीं कर्मचारी टस से मस नहीं हो रहे हैं। ऐसे में मरीजों का हाल बेहाल होने लगा है। हालत यह है कि जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएससी में हालत बद से बदतर हो रहे हैं। विड़ंबना यह है कि जहां ग्रामीण इलाकों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार के लिए संसाधन नहीं है वहीं शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधन होने के बावजूद लोगों को भटकना पड़ रहा है। 15 दिनों से स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारी नहीं होने के कारण मरीजों को बिना इलाज के चलता कर दिया जा रहा है।

### हड़ताल में डाक्टर और स्टाफ रहे शामिल

हड़ताल में बिलासपुर के शहरी स्वास्थ्य केंद्रों से डा. चिरंजीवी चंद्राकर,डा. आकांक्षा झा, डा. गौरव यादव, डा. निलय तिवारी, डा यश अग्रवाल,डा मल्लिकार्जुन राव, डा सवि शुक्ला, डा आशा कुर्रे,डा साहेबा नाज़,डा हिमांशु कौशिक, डा राजीव किशोर, डा पूर्वी, डा अभिषेक, डा. दीक्षा शामिल थे। संविदा कर्मचारी विगत 18 अगस्त से हड़ताल पर है, जिला चिकित्सालय,सिम्स चिकित्सालय, 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिला सलाहकार, जिला डेटा प्रबंधक, जिला डेटा सहायक,जिला अकाउंट मैनेजर, जिला अकाउंट सहायक, स्टाफ, सीएचओ, एएनएम ,नर्स,डेंटिस्ट,फिजियोथेरेपिस्ट,कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर हैं।




### अस्पताल में काम है प्रभावित

राष्ट्रीय कार्यक्रमों मलेरिया, टी बी, टीकाकरण, महामारी आदि की दैनिक रिपोर्टिंग, जन्म मृत्यु पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र, महतारी प्रसव,अस्पतालों में ओपीडी सेवा, शल्य क्रिया, आपातकालीन सेवाएं मुख्य रूप से बाधित है। सीएचओ एवं एएनएम के हड़ताल में जाने से ग्रामीण क्षेत्र के आयुष्मान अस्पताल बंद है।

### मरीजों को मिल रहा है इलाज

हड़ताल में जाने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा है। राजकिशोर नगर अस्पताल में सभी एनएचएम कर्मचारी है, कोई नहीं था इसलिए ताला लगाया गया होगा। बाकी सभी जगह मरीजों को इलाज मिल रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी हम आधा स्टाफ के साथ इलाज दे रहे है।

-डॉ शुभा गरेवाल, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### गांधी चौक सीएचसी



ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर नियमित कर्मचारी काम कर रहे हैं, लेकिन शहरी क्षेत्रों में बनाए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी, पीएचसी का हाल खराब है। गांधी चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नर्स, लैब टेक्नीशियन और आपरेटर के साथ ही अन्य स्टाफ हड़ताल पर जा चुके हैं, जिससे खून पेशाब की जांच बंद है। बताया जा रहा है कि पिछले 2 दिनों से रैबिज का इंजेक्शन भी नहीं है। ऐसे में अस्पताल में मरीजों को इलाज के लिए भटकने की नौबत पड़ रही है।

### लिंगियाडीह पीएचसी



लिंगियाडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इन दिनों भारी भीड़ उड़ रही है। दरअसल क्षेत्र में एकलौता स्वास्थ्य केन्द्र है। यहां आरएमए, नर्स और बाकी स्टाफ हड़ताल में शामिल हो चुके हैं। नर्स के नहीं होने के कारण यहां 15 दिनों से नार्मल डिलीवरी नहीं कराई जा रही है, प्रसव से तड़पती गर्भवती महिला आने पर तत्काल ही उसे जिला अस्पताल और सिम्स रिफर कर दिया जाता है। वहीं स्टाफ की कमी के कारण दिन भर अस्पताल में भीड़ रहती है। उसमें भी एक महिला डाक्टर की ड्यूटी अन्य जगहों पर लगाई जाती है।

### राजकिशोर सीएचसी




राजकिशोर नगर स्थित सीएससी सेंटर में सभी तरह की जांच की सुविधा है, यहां का पूरा स्टाफ ही हड़ताल पर जा चुका है, जिसके चलते अस्पताल में ताला लटक रहा है। पिछले 15 दिनों से अस्पताल नहीं खुला है। मरीज अस्पताल को बंद देख लौट रहे है। आसपास के लोगों ने बताया कि बारिश का मौसम होने के कारण क्षेत्र के कई लोगों को वायरल फीवर और अन्य मौसमी बीमारी है लेकिन मरीजों को अस्पताल में इलाज नहीं मिल रहा है। ऐसे में निजी अस्पताल में जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

### जिला अस्पताल




यहां122 एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर हैं, ऐसे में जिला अस्पताल में जांच और इलाज के साथ ही पोषण पुर्नवास केन्द्र भी बंद होने के कगार पर पहुंच चुका है। कुपोषित बच्चों की देखभाल की जाती है, लेकिन कर्मचारी हड़ताल पर हैं। बच्चे की देखभाल नहीं हो रही है। पूरा वार्ड रसोइयां के भरोसे चल रहा है। पूछताछ करने पर कोई जवाब नहीं मिल रहा है। वहीं जिला अस्पताल के जिम्मेदार डाक्टर इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहे है। बताया जा रहा है कि 10 दिनों से यहां एक भी बच्चे को नहीं रखा गया है।

**पीलिया से मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग, वार्ड का सर्वे कर लोगों को दी गई दवा**

# स्वास्थ्य विभाग ने नलों से पानी का लिया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पीलिया से हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला प्रभावित क्षेत्र इंदिरा नगर पहुंचा। इस दौरान मितानिनों ने 38 घरों का सर्वे किया और नलों से निकलने वाले पानी का सैंपल लिया गया। वहीं शिविर के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

- मितानिन और डाक्टरों का दल पहुंचा था इंदिरा नगर

इंदिरा नगर वार्ड में पीलिया फैलने की खबर से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। सोमवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया गया। सर्वे और शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को संभालने के लिए डाक्टरों की टीम लगाई। इस दौरान शहरीय मितानिनों ने वार्ड के अलग-अलग गलियों में पानी का सैंपल और सर्वे करने की जिम्मेदारी दी गई। टीम द्वारा 5 जगहों के पानी के सैंपल लिया गया है। वहीं इस दौरान एक भी नया पीलिया से ग्रसित मरीज नहीं मिला है, वहीं 38 घरों का सर्वे कर 43 लोगों की जांच की गई है। इनमें 22 से अधिक लोगों को मौसमी बीमारी थी, वहीं 13 अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। सभी को दवा का वितरण किया गया है। दरअसल पीलिया के कारण क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। वहीं अन्य मरीज पीलिया की बीमारी से ग्रसित है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि निगम के अधिकारियों की मनमानी के चलते स्थिति बिगड़ी है, अधिकारी अमृत मिशन का पाइप लाइन बोर के पाइप में जोड़ चुके है, जिसके चलते लोगों के घरों में गंदा पानी आ रहा है।





बीमारी | वार्ड नंबर 37 इंदिरा नगर के यादव मोहल्ला में फैला पीलिया

पीलिया से एक की मौत, 15 बीमार, निगम, स्वास्थ्य विभाग क…

1 सितंबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।



### पानी का लिया गया सैंपल

सर्वे में पीलिया का मरीज नहीं आया है। हमने सर्वे कर पानी का सैंपल भी लिया है, इससे सिम्स भेजा जाएगा। तब स्थिति साफ होगी।

-डॉ रक्षित जोगी, अर्बन बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग

# बरसते पानी में भी नहीं उठे मृतक के परिजन, जारी रहा आंदोलन

**बिलासपुर।** ओएचई की चपेट में आने से घायल युवक की मौत के बाद डीआरएम कार्यालय के सामने धरना देकर बैठे परिजन रेल प्रशासन से एक करोड़ रुपए मुआवजा और नौकरी देने की मांग पर अड़े हुए हैं।

रेलवे स्टेशन के कोचिंग डिपो में वंदेभारत कोच के ऊपर की सफाई करने के दौरान भिलाई की निजी कंपनी का कर्मचारी प्रताप बर्मन ओएचई की चपेट में आ गया था। हाईटेंशन की चपेट में आने के कारण वह 15 फीट नीचे गिर गया, जिससे उसका शरीर 80 फीसदी जल गया था। आनन-फानन में कोचिंग डिपो के कर्मचारियों ने युवक को पहले



रेलवे हास्पिटल भेजा, जहां उपचार की सुविधा नहीं होने के कारण सिम्स और बाद में अपोलो रिफर कर दिया गया, जहां प्रताप बर्मन की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन रेल प्रशासन से एक करोड़ रुपए का मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर हंगामा मचाना शुरु कर दिए हैं। दूसरी ओर मृतक प्रताप बर्मन का शव अपोलो से लाकर जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रख दिया गया। परिजन युवक के शव को डीआरएम कार्यालय के सामने रखकर प्रदर्शन करना चाह रहे हैं, जिसे लेने के लिए वे लगातार जिला अस्पताल जाकर हंगामा भी कर रहे हैं, लेकिन पुलिस की ओर से शव को देने से इनकार किया जा रहा है। परिजन का कहना है कि जब तक रेलवे एक करोड़ रुपए मुआवजा और नौकरी नहीं देती है तब तक उसके शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

शनिवार और रविवार दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार की सुबह जब डीआरएम और जीएम मुख्यालय के गेट का ताला खोला गया, जिसके बाद तेज बारिश शुरु हो गई। इस बरसते पानी में युवक के परिजन के हटने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन उनका धरना प्रदर्शन बरसते पानी भी पूर्ववत चलता रहा।

### कोर्ट में सुनवाई आज

जानकारी के अनुसार कोचिंग डिपो में युवक के साथ जब हादसा हुआ और उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था तो इस मामले को हाईकोर्ट ने भी संज्ञान में लिया था। जिस दिन मामले की सुनवाई के दौरान ही युवक की अपोलो में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इसके उपरांत 2 सितम्बर की तिथि सुनवाई के लिए हाईकोर्ट से मिली हुई है, जिसमें कोर्ट के आदेश का इंतजार रेल अफसर कर रहे हैं।

### लेबर कोर्ट भेजा गया 16.50 लाख चेक

युवक की मौत के बाद उसे नियमानुसार मुआवजा दिया जा रहा है, जिसमें 16.50 लाख रुपए का चेक लेबर कोर्ट भेज दिया गया है। मृतक के परिजन डीआरएम कार्यालय के सामने 1 करोड़ रुपए मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। हाईकोर्ट जैसा निर्देश देगी वैसे ही आगे कार्य किया जाएगा।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

**नशे में था हमलावर, घायल सिम्स में भर्ती**

# छात्र से मारपीट, नुकीली वस्तु से हमलाः जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोचिंग से पढ़ाई करने के बाद घर लौट रहा छात्र कैफे जाने इंडिकेटर देकर गाड़ी मोड़ रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार एक्टिवा सवार उससे टकराते बचा, छात्र ने स्पीड़ में गाड़ी चलाने से मना किया तो नशे में धुत युवक ने गुण्डागर्दी करते हुए छात्र के साथ मारपीट करते हुए नुकीली वस्तु से पेट पर हमला कर दिया और भाग गया। घायल छात्र को सिम्स में भर्ती कराया गया है।

रायगढ़ निवासी दामोदर डडसेना पिता त्रिलोचन डडसेना ने बताया कि किराए के रूम में रहकर वह नीट की तैयारी कर रहा है। सोमवार की वह शाम कोचिंग सेंटर पढ़ाई करने गया था। शाम 7.15 बजे कोचिंग से छुट्टी होने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। डीपी विप्र कालेज के पास कैफे जाने के लिए इंडिकेटर आन कर उसने बाइक घुमाया, इसी दौरान काले रंग की एक्टिवा में सवार एक युवक तेज रफ्तार से आया और उससे टकराते टकराते बचा। छात्र ने उसे स्पीड़ में गाड़ी चलाने से मना किया तो नशे में धुत युवक ने गुण्डागर्दी करते हुए छात्र के साथ जमकर मारपीट की। उसके बाद किसी नुकीली वस्तु से पेट में हमला कर दिया। खून से लथपथ होकर छात्र सड़क में गिर गया, जिससे लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी। लोगों को देखकर हमलावर नशेड़ी युवक भाग गया। छात्र के दोस्तों ने घायल छात्र को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।



घायल युवक।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर चाकू से हमला

शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवकों ने दो दोस्तों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा रामायण चौक निवासी बलराम सिंह पिता धनीराम आर्मो अपने दोस्त आकाश दास के साथ 30 अगस्त की रात 9.30 बजे शनिचरी बाजार चांटीडीह के पास ठेला किनारे बैठकर अंडा खा रहे थे। इसी दौरान 3 युवक आए यहां बैठकर अंडा क्यों खा रहे हो, हमे भी शराब पीना है कहकर पैसा मांगने लगे। उन्होंने मना किया तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। डर से दोनों दोस्त नदी के गेट की ओर भागने लगे। तीनों युवकों ने दौड़ाकर पीछे से दोनों दोस्तों के पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर हमलावर भाग गए। आसपास के लोगों के द्वारा दोनों दोस्तों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायलों का बयान लेने के बाद अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# भारी वाहन चालकों को दी गई ट्रैफिक नियमों का पालन करने की हिदायत

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में सड़कों पर होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने आज जिले समस्त भारी वाहन के चालकों की बैठक ली गई। जिसमें जिले के सभी चालकों ने यातायात नियमों का समुचित पालन एवं वर्दी की अनिवार्यता को गंभीरता पूर्वक सभी के लिए अनिवार्य करने अनुरोध किया।

वाहन चालकों को यह बताया गया कि भारत के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है वही



एक सारथी के रूप में नागरिकों के आवागमन को सहज बनाने में उनकी अहम भूमिका से इनकार नहीं की जा सकती। उनकी स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके वाहन पर बैठे प्रत्येक सवारी की सुरक्षा एवं सुविधा की ख्याल करना उनकी जिम्मेदारी है। समस्त वाहन चालकों को वाहन चालन के दौरान किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करने, तेजी एवं लापरवाही पूर्व वाहन नही चलाने, रात्रि के दौरान झपकी ना आए इसलिए सदैव नींद पूर्ण करके ही वाहन चलाने, सड़कों पर विश्राम के दौरान मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ी नहीं करने, वाहनों के ब्रेकडाउन होने की स्थिति में वाहन के अगल-बगल में रिफ्लेक्टर कोन लगाने, परिवहन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेज साथ में रखने की समझाईश दी गई। क्षमता से अधिक भार का सामग्री परिवहन नहीं करने, पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान सहयोग करने के निर्देश दिए गए।





राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
13 नवंबर, 18 दिसंबर 2025, 15 जनवरी, 12 फरवरी 2026
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## जगह-जगह विराजे भगवान गणेश...


धौराभाठा गणेशोत्सव समिति तखतपुर।


धूम स्टार गणेशोत्सव समिति तखतपुर।


अशोक गणेशोत्सव समिति तखतपुर।


शंकरनगर गणेशोत्सव समिति तखतपुर।


बड़ा बाजार गणेशोत्सव समिति मुंगेली।


बलानी चौक गणेशोत्सव समिति मुंगेली।


केशरीनंदन गणेशोत्सव समिति मुंगेली।


मलाईघाट गणेशोत्सव समिति मुंगेली।



शिव मंदिर चोरभट्ठी पथरिया।


शांति नगर पथरिया।


आजाद चौक पथरिया।


थाना ग्राउंड पथरिया।






जय भवानी गणेश उत्सव समिति 16 वां वर्ष हथनी कला मुंगेली
धरमपुरा युवा एकता गणेश उत्सव समिति हरनाचाका
धरमपुरा श्री गौरी शंकर गणेश उत्सव समिति कुआंगांव

# होटल, रेस्टोरेंट एवं किराना दुकानों से लिए गए खाद्य सामग्रियों के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

**मुंगेली।** जिले के नागरिकों को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों की लगातार जांच की जा रही है। इसी कड़ी में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से फास्टरपुर क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने होटल, रेस्टोरेंट एवं किराना दुकानों का निरीक्षण किया एवं खाद्य सामग्रियों के गुणवत्ता की मौके पर ही जांच की गई। चलित प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 47 खाद्य नमूनों का संकलन किया गया।

अभियान के दौरान राज किराना, पलक पायल किराना, शंभू होटल, देवांगन होटल, चैतराम होटल एवं आर्यन किराना जैसे प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही रंगीन मिठाईयां, तेल, नमकीन एवं अन्य खाद्य पदार्थों का परीक्षण किया गया और खाद्य तेल का दो बार से अधिक उपयोग नहीं करने, अखाद्य रंगों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित करने, पीने के पानी को स्वच्छ व सुरक्षित बर्तनों में रखने तथा नमकीन व नाश्ते के पैकिंग में अखबारी कागज का उपयोग नहीं करने हेतु होटल संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए।


खाद्य सामाग्री की जांच करते जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

# पुजारी की हत्या के मामले में आरोपियों को भेजा गया जेल

**तखतपुर।** पाठ बाबा मंदिर के पुजारी की अवैध संबंध की आशंका पर की गई हत्या में शामिल एक नाबालिग सहित सभी 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीते दिवस तखतपुर में हुई पाठ बाबा के पुजारी की हत्या के सभी आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस सभी आरोपियों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर थाने लाई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि, मृतक जागेश्वर पाठक का मुख्य आरोपी सुरेश धुरी की पत्नि के साथ अवैध संबंध था। इसी अवैध संबंध के चलते 6 माह पूर्व सुरेश धुरी ने सामाजिक रूप से बैठक कर अपनी पत्नि को तलाक दे दिया। इसके बाद से आरोपी मृतक के साथ बैर का भाव रखता था एवं उसने अपने अन्य चार साथियों के साथ हत्या की योजना बनाई। बीती रात आरोपी सुरेश कुमार धुरी, हेम कुमार धुरी, धनराज बंदे, मुकेश धुरी एवं नाबालिक मृतक जागेश्वर पाठक को मोटर साइकिल की पूजा करने के बहाने बाहर बुलाया। पुजारी के बाहर आतो ही आरोपियों ने ईंट, पाइप तथा अन्य धारदार हथियारों से उस रक ताबड़तोड़ हमला कर दिया एवं पुजारी की हत्या कर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने विवेचना उपरांत आरोपियों को धारा 103, 238, 61,2, 191,3, 190 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त समान स्टील पाइप, धारदार चाकू, दो मोटर साइकिल, चार मोबाइल भी जप्त किया गया।



# अधिकारी, खिलाड़ी, छात्र-छात्राओं ने निकाली सायकल रैली

**मुंगेली।** हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस एवं सांसद खेल महोत्सव फीट युवा फार विकसित भारत के तहत विभिन्न खेल एवं अन्य गतिविधि आयोजित किया गया। इसी कड़ी में जिले में संडे आन साइकिल रैली निकाली गई। रैली रेस्ट हाउस से हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर परिसर के लिए रवाना किया। इसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं एवं आमजन शामिल हुए।

कलेक्टर ने कहा कि फिट इंडिया तभी संभव है जब हम अपनी दिनचर्या को अनुशासित करेंगे। समय पर सोना, उठना और संतुलित भोजन करना ही स्वास्थ्य की कुंजी है। उन्होने खेल के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को अखबार पढ़ने की भी सलाह दी ताकि उनमें जनरल नालेज बढ़े और वे भविष्य के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए पढ़ाई सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रभाकर पांडेय, एसडीएम अजय शतरंज, डीईओ एवं खेल अधिकारी संजय पाल सहित जिले के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसमें रस्साकशी बालक, 18 वर्ष तक दाबो प्रथम, दशरंगपुर द्वितीय, बालिका, 18 वर्ष तक खेलो इंडिया मुंगेली प्रथम, दशरंगपुर द्वितीय, बालक 18 वर्ष से अधिक एसएनजी कालेज प्रथम, साइंस कालेज द्वितीय, बालिका 18 वर्ष से अधिक सिलतरा पथरिया प्रथम, साइंस कालेज मुंगेली द्वितीय, महिला वालीबाल लोरमी क्लब प्रथम, मुंगेली द्वितीय, पुरुष वालीबाल सुकली लोरमी प्रथम, करही मुंगेली द्वितीय, कबड्डी बालक में रोहरा प्रथम, करही मुंगेली द्वितीय, कबड्डी बालिका सिलतरा पथरिया प्रथम, खैरी पथरिया द्वितीय स्थान हासिल किए।

# जिपं सीईओ ने ली शिक्षा विभाग के अफसरों व प्राचार्यों की बैठक

**मुंगेली।** शिक्षा के क्षेत्र में जिले को एक नई पहचान दिलाने और शिक्षा की गुणवत्ता में आवश्यक सुधार लाने कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार 90 प्लस परीक्षा परिणाम उन्नयन अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत स्थित सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने जिला शिक्षा अधिकारी सी.के. घृतलहरे सहित 90 स्कूलों के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों, डीएमसी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं 130 विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक लेकर इस अभियान की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।

सीईओ ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक दिलाना है और जिले में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाना है। इस हेतु जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित इस पहल में शिक्षकों, पालकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाए, जिससे 90 प्लस परीक्षा परिणाम के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। उन्होंने विषयवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाने, यूट्यूब लिंक ग्रुप में साझा कर विद्यार्थियों को लिंक से जोड़ने आदि के संबंध में चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारीगण और 130 स्कूलों के प्राचार्य मौजूद रहे।



बैठक लेते जिला पंचायत सीईओ।

# स्कूल का समय बदलने के विरोध में शिक्षक संघ

**लोरमी।** सप्ताह में सभी दिन सुबह 10 बजे से 4 बजे तक स्कूल लगाए जाने के आदेश का शिक्षक संघों ने विरोध शुरू कर दिया है। पिछले दिनों सुबह लगने वाली स्कूलों को भी अन्य दिनों की तरह शनिवार को लगाने का आदेश जारी किया गया है।

इस संबंध में नवीन शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत ने कहा कि, शनिवार को सुबह की पाली में लगने वाली स्कूल संचालन को बंद करना शिक्षकों का मानसिक शोषण करने के समान है। एक तरफ प्रदेश के अन्य शासकीय कर्मचारियों को शनिवार का अवकाश दिया जाता है, वहीं शिक्षकों को शनिवार को सुबह की पाली को समाप्त कर 10 बजे से शाला का संचालन किया जा रहा है, जिसका शिक्षक संघ पुरजोर विरोध करता है। नवीन शिक्षक संघ ने शनिवार को सुबह पाली में स्कूल संचालन के आदेश जारी करने की मांग की है। नवीन शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष रमन शर्मा ने कहा कि, शनिवार को बच्चों का व्यायाम भी होता है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। अतः नवीन शिक्षक संगठन की मांग है कि, शनिवार को सुबह की पाली में स्कूल संचालन किया जाए।

## आदि कर्मयोगी अभियान का जमकोर में शुभारंभ



मुंगेली। जनजातीय क्षेत्रों में सेवा संकल्प और समर्पण के प्रेरक आदर्शों के साथ जनजाति समुदायों को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने "आदि कर्मयोगी अभियान" की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर में किया गया। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त महेन्द्र खाण्डेकर ने बताया कि यह कार्यशाला 1 से 3 सितम्बर तक आयोजित होगी। इस कार्यशाला का उद्धेश्य जनजातीय समाज के विकास से जुड़े स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य योजनाओं की समग्र पहुंच सुनिश्चित करना है। जिला मास्टर ट्रेनर बी.के. साहू ने बताया कि इस कार्यशाला से जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे क्षेत्रों में व्यापक बदलाव आएगा। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के 50 अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

## मुख्य अभियंता ने जांची सड़कों की गुणवत्ता



मुंगेली। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, रायपुर के मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिले में निर्माणाधीन, निर्मित एवं संधारण अंतर्गत सड़कों का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्मित नवीनीकरण मार्ग खैरवार नहर से 100 बिस्तर अस्पताल मार्ग की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया। मुख्य अभियंता ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी निर्माण कार्यों की नियमित गुणवत्ता जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदारों पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने विभागीय अभियंताओं की बैठक आयोजित कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता पर विस्तृत समीक्षा की और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने विभागीय अभियंताओं को निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## भीमपुरी, मानपुर, पौनी गांव में बिजली समस्या, सौंपा ज्ञापन



मुंगेली। बिजली की लुका छिपी के चलते ग्रामीण अंचलो में इन दिनों आक्रोश नजर आ रहा है। जिसको लेकर ग्राम पंचायत भीमपुरी मानपुर पौनी के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में बिजली आफिस पहुंच अपनी मांगों लेकर ईई को ज्ञापन सौपा है। दिए गए ज्ञापन के अनुसार ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में कई दिनों से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। बार-बार विभाग को अवगत कराने के बावजूद भी क्षेत्र में विभाग की तरफ से कोई पहल नही की जा रही है। जिसको लेकर नाराज ग्रामीणों ने आज बिजली आफिस पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। जिस पर विभाग द्वारा जल्द ही समस्या को हल करने का आश्वासन दिया है। पापा खान ने बताया कि किसानी का समय है, खेतो में पानी की कमी हो रही है। ऐसे समय में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। साथ ही अघोषित बिजली कटौती के चलते पंप भी नही चल रहे। गांव में जो ट्रांसफार्मर लगा है, वो लोड नही ले पा रहा है। अगर जल्द ही इस दिशा में विभाग द्वारा कोई सार्थक पहल नही की जाती है तो ग्रामीण बिजली आफिस घेराव के लिए बाध्य हो जायेंगे। जिसकी समस्त जवाबदारी विभाग की रहेगी। इस अवसर पर संजीत बनर्जी, लक्ष्मीकांत भास्कर, सुखराम, रामस्वरूप, बरमेन्द्र, तुलसीदास, चनदराम, सतवन, धनमंत्री, मानिक दास, गणेश खाण्डे, नारायण प्रसाद डाहिरे, प्रमोद कुमार धृतलहरे, सतीष डाहिरे, श्याम सुंदर, हृदयराम, टोप सिंह, माखनदास सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कर्मचारियों को दिया आश्वासन

# स्वास्थ्य कर्मचारियों ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम संघ के स्वास्थ्यकर्मियों ने हड़ताल के 15वें दिन उप मुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा। उपमुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी बात सुन रही है। धरना स्थल पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पकौड़ा तल कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम संघ के स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल 15वें दिन भी जारी रही। सोमवार को धरना स्थल पर संविदा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों ने पकौड़ा तलकर समस्याओं को जनता के सामने प्रस्तुत किया। संघ के संविदा कर्मचारियों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन दिया। उपमुख्यमंत्री के द्वारा आस्वस्त किया गया कि सरकार उनकी बात सुन रही है। इस अवसर पर डॉ अखिलेश बंजारे, डॉ मीनाक्षी बंजारे, मनीष गुप्ता, अमित दुबे, अमिताभ तिवार, धीरज रात्रे, रितेश मिश्रा, अवि साहू, दीनदयाल बंजार, माहेश्वरी पात्रे, तोशेर अहमद, मनीषा साहू, प्रियंका पात्रे, रुबेन दास, राजकुमार साहू, संदीप बंजारे, चन्द्रसेन, संदीप राजपूत, उदय भानु सिंह बंजारे, गोविन्द साहू, विनोद देवांगन, राकेश वैष्णव, राहुल, डॉ ज्योति पाण्डेय, डॉ शशांक उपाध्याय, नेहा सिंह, सुषमा पाण्डेकर, रीना राही, अर्चना लाल, बलराम साकत, भावेश वर्मा, ओमप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या मे एनएचएम के स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।


उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते स्वास्थ्यकर्मी।

## भादो मेले के अंतिम दिन महाआरती के बाद निकाली जाएगी शोभायात्रा

मुंगेली। श्री रामदेव सेवा समिति के द्वारा भादो मेला पर रामदेव बाबा जन्मोत्सव महापर्व हर्षोल्लास के साथ 24 अगस्त से 2 सितंबर तक 10 दिवसीय भादो मेला का आयोजन श्री रामदेव बाबा मंदिर सांई मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है। इस भादो मेला में अंतिम दिन 2 सितंबर मंगलवार को सुबह 9 बजे बाबा के भजन कर आरती की जाएगी। तत्पश्चात शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड से रवाना होकर परशुराम चौक, मलाई घाट होते हुए परमेश्वरी चौक होते हुए भगवान महावीर स्वामी चौक से सदर बाजार होते हुए मंदिर परिसर पर आएगी। उसकी पश्चात बाबा की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। शाम को भजन संध्या में राजनांदगांव के प्रसिद्ध भजन प्रवाहक राहुल शर्मा, अभिषेक तवर अपने मधुर आवाज में बाबा के भजन प्रस्तुत किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष गिरी सुधार ने बाबा के भक्तों से अपील की है कि अधिक से अधिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भादो मेल को सफल बनाने में अपने सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बाबा के भक्त दुर्गालाल गोयल, प्रेमचंद लुनिया, जगदीश पारख की मार्गदर्शन में समिति के सदस्य दिनेश गोयल, गिरीश सुथार, अमन सोनी, विनोद शर्मा, तुषार खत्री, सुनील जोशी, ललित शर्मा, जालम सिंह राजपुरोहित, यशपाल जोशी, देवेश शर्मा, हरीश सोनी, राकेश जोशी आदि शामिल थे।

